# प्रश्न बैंक

## सत्र 2022 - 23

## कक्षा - 12वीं

## विषय - हिन्दी

## इकाई-1

## आरोह भाग-2

## काव्य खण्ड

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. हालाबाद के प्रवर्तक कवि हैं-

   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) अज्ञेय (स) हरिवंश राय बच्चन (द) महादेवी वर्मा

2. 'दिन जल्दी जल्दी ढलता है'- गीत बच्चन के किस काव्य संग्रह से लिया गया है?

   (अ) मधुशाला (ब) मिलनयामिनी (स) निशा निमंत्रण (द) मधुकलश

3. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कब हुआ था?

   (अ) 1905 ई0 (ब) 1907 ई0 (स) 1909 ई0 (द) 1911 ई0

4. हरिवंश राय बच्चन का जन्म कहाँ हुआ था?

(अ) फैजाबाद (ब) इलाहाबाद (स) हैदराबाद (द) मुरादाबाद

5. 'आत्मपरिचय कविता में कवि किसका भार लिए फिरता है?

(अ) कार्यालय का (ब) परिश्रम का (स) जग-जीवन का (द) असफलता का

6. 'आत्मपरिचय कविता में कवि जीवन में क्या लिए फिरता है?

(अ) स्नेह (ब) करूणा (स) प्यार (द) दया

7. 'आत्मपरिचय कविता में कवि बच्चन किसका पान किया करते है?

(अ) जल का (ब) स्नेह-सुरा का (स) साँसों का (द) सत्य का

8. 'आत्मपरिचय कविता में कवि अपने रोदन में क्या लिए फिरता है?

(अ) राग (ब) रास (स) राज (द) राम

9. आत्मपरिचय कविता में कविस्वयं को दुनिया का एक नया क्या मानता है?

(अ) प्रेमी (ब) दीवाना (स) परवाना (द) रक्षक

10. आत्मपरिचय कविता में कवि कैसा संसार लिए फिरता है?

(अ) यथार्थ का ( ब) आदर्श का (स) स्वप्नों का (द) सत्य का

11. 'हो न जाए पथ में रात कहीं' सोच-सोच कर जल्दी-जल्दी कौन चलता है?

(अ) कुत्ता (ब) पंथी (स) कवि (द) बाज

12. किसका ध्यान करके चिडियों के परों में चंचलता आ जाती है?

(अ) बाज का (ब) साँप का (स) कौवे का (द) अपने बच्चों का

13. बच्चों की याद आने पर चिड़ियाँ क्या करती है?

(अ) रोती है (ब) सोती हैं (स) तेजी से उडती हैं (द) इनमें से कोई नही

14. 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' कविता में कवि हताश व दु:खी क्यों है?

(अ) आर्थिक हानि के कारण (ब) अपराध के कारण

(स) परिवार से बिछुडनें के कारण (द) इनमें से कोई नहीं

15. कवि आलोक धन्वा किस दशक कवि हैं -

(अ) तीसरे-चौथे दशक के (ब)चौथे-पॉचवें दशक के

(स) छठवें-सातवें दशक के (द) सातवें-आठवें दशक के

16. कवि आलोक धन्वा की पहली कविता है-

(अ) भीगी हुई लडकियाँ (ब) जनता का आदमी

(स) ब्रूनो की बेटियाँ (द) इनमें से कोई नहीं

17. कवि आलोक धन्वा का एममात्र कविता संग्रह है-

(अ) भागी हुई लडकियाँ (ब) जनता का आदमी

(स) ब्रूनो की बेटियाँ (द) दुनिया रोज बनती है

18. छत से गिरने और बचने के बाद बच्चे बन जाते हैं -

(अ) डरपोक (ब) निडर (स) ईमानदार (द) क्रोधी

19. पतंग कविता किसके लिए प्रसिद्ध है?

(अ) प्रतीकों के लिए (ब) चित्र विधान के लिए

(स) बिम्ब विधान के लिए (द) व्यंग्यार्थ के लिए

20. पतंग उड़ाते बच्चे किसके सहारे स्वयं भी उडते से हैं?

(अ) फेंफड़ो के (ब) रंध्रों के (स) साहस के (द) शक्ति

21. 'सुनहले सूरज' में कौन-सा अलंकार है?

(अ) उपमा (ब) रूपक (स) अनुप्रास (द) श्लेष

22. 'खरगोश की आँखों जैसा लाल' में कौन-सा अलंकार है?

(अ) अनुप्रास (ब) उपमा (स) रूपक (द) उत्प्रेक्षा

23. सबसे तेज बौछारों का माह होता है-

(अ) आषाढ (ब) श्रावण (स) भादों (द) कार्तिक

24. सबेरे की तुलना की गई है-

(अ) खरगोश की आँख से (ब) शेर की आँख से

(स) विल्ली की आँख से (द) कुत्ते की आँख से

25. शरद क्या चलाता हुआ आया?

(अ) हाथ (ब) पैर (स) जीभ (द) साइकिल

26. चिडिया अपने पंखों के सहारे उडती है और कविता किसके सहारे उडती है ?

(अ) शब्द के (ब) कल्पना के (स) हवा के (द) पंख के

27. कविता के पंख लगा उडने से क्या तात्पर्य है?

(अ) उडना (ब) कल्पना करना (स) चलना (द) हँसना

28. 'कविता बिना मुरझाए सदियों तक महकती रहती है'- इसका आशय क्या है?

(अ) कविता कालजयी है (ब) कविता का प्रभाव सदियों तक बना रहता है।

(स) कविता का सौन्दर्य कभी समाप्त नही होता। (द) उपर्युक्त सभी

29. 'कविता के बहाने' कविता में किनके साथ समानता व असमानता दर्शाई गई है?

(अ) बच्चे और फूल (ब) बच्चे, फूल और चिडिया

(स) फूल और चिडिया (द) चिडिया और बच्चे

30. किसकी चूडी मर गई?

(अ) पेंच की (ब) कील की (स) भाषा की (द) बात की

31. रघुवीर सहाय की कविता 'कैमरे में बंद अपाहिज' उनके किस काव्य संग्रह से ली गई है?

(अ) सीढियों पर धूप में (ब) आत्महत्या के विरूद्ध

(स) हँसो–हँसो जल्दी हँसो (द) लोग भूल गए हैं

32. कैमरे के सामने लाया जाता है-

(अ) एक भिखारी को (ब) एक नेता को (स) एक अपाहिज को (द) एक किसान को

33. 'हम समर्थ शक्तिवान हैं', ये कहाँ बोलेंगे?

(अ) दूरदर्शन पर (ब) रेडियो पर (स) मंच पर (द) सभा में

34. कवि के अनुसार प्रात: कालीन आकाश किसके जैसा लग रहा था?

(अ) काले बादलों जैसा (ब) नीले शंख जैसा (स) घोडे जैसा (द) इनमें से कोई नहीं

35. उषा का जादू कब समाप्त होता है?

(अ) सूर्योदय होने पर (ब) वर्षा होने पर (स) बादल छा जाने पर (द) हवा चलने पर

36. कवि ने नीले जल में झिलमिलाती देह की तुलना किससे की है?

(अ) कविता (ब) भोर के नभ से (स)बादलों (द) बर्षा से

37. शंख का रंग होता है-

(अ) नीला (ब) सफेद (स) पीला (द) काला

38. 'चौका'लीपा जाता है-

(अ) मिट्टी से (ब) रंग से (स) राख से (द) चूने से

39. कवि निराला की कविता 'बादल राग' उनके किस संग्रह में संकलित है?

(अ) परिमल (ब) गीतिका (स) बेला (द) अनामिका

40. बादल राग कविता में कुल खण्ड हैं -

(अ) चार (ब) छः (स) आठ (द) दस

41. बादल राग कविता में 'गगन स्पर्शी स्पर्धा धीर' कहा गया है-

(अ) आकाश को (ब) श्वेत बगुलों को (स) बादलों को (द) गरीबों को

42. संसार के सभी लोग मुख्य रूप से किसलिए काम करते हैं?

(अ) मनोरंजन के लिए (ब) पेट भरने के लिए (स) धन संग्रह के लिए (द) दान के लिए

43. तुलसीदास के अनुसार पेट की आग को कौन बुझा सकता है?

(अ) बनिया (ब) किसान (स) मजदूर (द) राम

44. तुलसीदास के अनुसार समाज में सभी को किसका अभाव है?

(अ) मकान का (ब) बच्चों का (स) रुपए का (द) आजीविका का

45. आँगन में गोद में माँ किसको लिए खड़ी है?

(अ) फूल के गुलदस्ते को (ब) पडोस के बच्चे को

(स) अपने बच्चे को (द) पालतू कुत्ते को

46. घुटनों में लेकर माँ बच्चे को क्या करती है?

(अ) नहलाती है (ब) बाल में कंघी करती है

(स) कपडे पहनाती है (द) प्यार से देखती है

47. 'छोटा मेरा खेत' कविता का हिन्दी में रूपान्तरण किसने किया है?

(अ) भोला भाई पटेल (ब) उमाशंकर जोशी (स) आलोक धन्वा (द) केशूभाई पटेल

48. आकाश में कौन उड रहे हैं?

(अ) कौए (ब) कबूतर (स) बगुले (द) गिद्ध

49. किसके अंकुर फूटते है?

(अ) शब्द के (ब) विचार के (स) काव्य-कृति के (द) कल्पना के

50. <u>समन्वयवादी कवि कहा जाता है-</u>

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) कबीरदास (द) केशवदास

51. फिराक गोरखपुरी का वास्तविक नाम है-

(अ) रघुवीर सहाय (ब) शिवपूजन सहाय (स) रघुपति सहाय (द) रमापति सहाय

52. फिराक गोरखपुरी को किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है?

(अ) रंगे-शायरी (ब) गुले-नग्मा (स) बज्मे जिन्दगी (द) उर्द गजलगोई

53. 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते है कपास' में कपास शब्द से क्या अभिप्राय है?

(अ) चंचलता (ब) कोमलता (स) कायरता (द) रूई

54. कवि कुँवर नारायण की कविता "बात सीधी थी पर" उनके किस काव्य संग्रह से ली गई है?

(अ) कोई दूसरा नहीं (ब) इन दिनों (स) अपने सामने (द) परिवेश: हम तुम

55. रीतिकालीन कवि हैं-

(अ) दिनकर (ब) पन्त (स) भूषण (द) हरिऔध

56. हिंदी पद्य साहित्य को बाँटा गया है -

(अ) चार कालों में (ब) पाँच कालों में (स) तीन कालों में (द) छः कालों में

**रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. मैं............................मौजों पर मस्त बहा करता हूँ। (भव/भय)
2. मैं मादकता................ लिए फिरता हूँ । (नि:शेष /विशेष)

3. 'मैं बना-बना कितने जग रोज मिटाता हूँ' में ................अलंकार है।(यमक/पुनरूक्ति प्रकाश)
4. कवि बच्चन ................ का ध्यान नहीं करते । (जग/पग)
5. संसार कवि के ................को गाना कहता है । (हँसने /रोने)
6. दुनिया की सबसे रंगीन और हल्की चीज................ है। (स्वप्न/पतंग)
7. पतंग की पतली कमानी................ की बनी होती है। (लोहे की /बाँस की )
8. बच्चे ................को नरम बनाते हुए दौडते है। (छतों को /सडक को)
9. कविता के पंख लगा उडने के माने ................क्या जाने । (चिडिया /बच्चे )
10. बिना मुरझाए महकने के माने................ क्या जाने । (फूल/कविता)
11. तुमने ................को सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा। (भाषा/व्यवहार)
12. आपको................ होकर कैसा लगता है। (अपाहिज /भिखारी)
13. परदे पर दिखलाई जाएगी अपाहिज की ................की बडी तस्वीर। (रोता हुआ चेहरा/फूली हुई आँख)
14. परदे पर ................की कीमत है। (वक्त/चित्र)
15. प्रात: नभ नीले ................जैसा था। (शंख/मोती)
16. लीपा हुआ चौका अभी ................पड़ा है। (गीला/नीला)
17. सिल पर लाल ................ पीसी गई थी । (मिर्च /केसर)
18. 'बादल राग'कविता में सुखों को ................बताया गया है। (स्थिर/अस्थिर)
19. ................होने पर निम्न वर्ग को सदैव लाभ होता है। (क्रांति/सभा)
20. क्रान्ति रूपी बादलों का आह्वान ................अधीरता के साथ करता है। (कृषक /धनिक)
21. वेदों और पुराणों में कहा गया है कि संकट के समय ................सभी पर कृपा करते हैं। (प्रभुराम/मजदूर)
22. तुलसीदास ने ................में सोने की बात कही है। (मंदिर /मस्जिद)
23. लक्ष्मण ................द्वारा छोडी गई शक्ति से मूर्छित हो गए थे। (मेघनाद/रावण)
24. माँ बच्चे को हवा में................देती है। (लोका/लिटा)
25. बच्चा ................को पाने की जिद कर रहा है। (चाँद /पतंग)
26. कवि उमाशंकर जोशी ने कवि-कर्म को................के समान बताया है। (पूजा कर्म/कृषि कर्म)
27. खेत की तुलना ................से की गई है। (कागज के भक्त /पीपल के पत्ते)
28. आकाश में ................ पंक्तिबद्ध होकर उड़ रहे हैं। (हंस/बगुले)

29. भक्तिकाल की प्रेममार्गी शाखा के प्रमुख कवि............हैं | ( जायसी /कबीर)

30. नागार्जुन ...........के कवि हैं | (भक्तिकाल/आधुनिक काल)

**सही जोडी बनाकर लिखिए -**

**(1)**

| | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| i. | मैं स्नेह-सुरा का पान किया करता हूँ | क) अनुप्रास अलंकार |
| ii. | शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ | ख) रूपक अलंकार |
| iii. | जिसको सुनकर जग झूम झुके लहराए | ग) पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार |
| iv. | दिन जल्दी -जल्दी ढलता है | घ) मानवीकरण अलंकार |
| v. | फूल हँसे, कलियाँ मुसकाई | ड.) विरोधाभास अलंकार |

**(2)**

| | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| i. | आत्म परिचय | क) आलोक धन्वा |
| ii. | पतंग | ख) कुँवर नारायण |
| iii. | कविता के बहाने | ग) रघुवीर सहाय |
| iv. | कैमरे में बंद अपाहिज | घ) रीतिकाल |
| v. | श्रृंगार काल | ड.) हरिवंशराय बच्चन |

**(3)**

| | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| i. | बादल राग | क) हरिवंश राय बच्चन |
| ii. | मधुशाला | ख) शमशेर बहादुर सिंह |
| iii. | कवितावली | ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला |
| iv. | रुबाइयाँ | घ) तुलसीदास |
| v. | ऊषा | ड.) फिराक गोरखपुरी |
| vi. | हिंदी साहित्य का स्वर्णयुग | च ) भक्तिकाल |

**(4)**

| | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| i. | मस्ती का संदेश | क) चिड़िया के बहाने |
| ii. | दिन का पंथी | ख) हरिवंश राय बच्चन |
| iii. | दिशाएँ | ग) अपाहिज |
| iv. | कैमरे के सामने | घ जल्दी -जल्दी चलता है |
| v. | कविता एक उड़ान है | ड.) मृदंग |

**(5)**

| | **अ** | **ब** |
|---|---|---|
| i. | गिरने से बचाता है | क) बच्चों के बहाने |
| ii. | पेंच को खोलने की बजाए | ख) दूरदर्शन पर |
| iii. | कविता एक खेल है | ग) रोमांचित शरीर |
| iv. | अपाहिज की बेबसी का चित्रण | घ) राख से लीपा हुआ चौका |
| v. | भोर का नभ | ड.) बेतरह कसना |

**(6)**

| अ | ब |
|---|---|
| i. सिल का रंग | क) घोसला |
| ii. विप्लव-रव से | ख) उमाशंकर जोशी |
| iii. दसकंधर | ग) छोटे ही शोभा पाते है |
| iv. नीड़ | घ) रावण |
| v. बगुलों के पंख | ड.) काला |

**(7)**

| अ | ब |
|---|---|
| i. जीर्ण-शीर्ण शरीर | क) कटाई अनंतता की |
| ii. रोपाई क्षण की | ख) कृषक |
| iii. झिलमिल देह | ग) बिजली की चमक |

| | |
|---|---|
| iv. राम को चिंता थी | घ) नील जल में |
| v. राखी के लच्छे | ड.) अपयश की |

**(8)**

| अ | ब |
|---|---|
| i. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला | क) भक्तिकाल |
| ii. हरिवंश राय बच्चन | ख) छायावाद |
| iii. तुलसीदास | ग) नई कविता |
| iv. आलोक धन्वा | घ) हालावाद |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. बच्चे किसकी प्रत्याशा में होंगे?
2. कवि किसका गान करता है?
3. ‘भव-सागर’ में कौन सा अलंकार है?
4. कवि किसका उन्माद लिए फिरता है?
5. कपास कौन लाता है?
6. बच्चे निडरता के साथ किसके सामने आते हैं?
7. पतंगों के साथ-साथ कौन उड रहा है?
8. कविता का खिलना कौन नहीं जानता?
9. कविता का उडना कौन नहीं जानता?
10. बात बाहर निकलने के बजाए कैसी हो गई?
11. परदे पर किसकी कीमत है?
12. अपाहिज क्या नहीं बता पाएगा?
13. दूरदर्शन वाले कैमरे के सामने बैठे अपाहिज से बार-बार प्रश्न क्यों पूछते हैं?
14. स्लेट पर क्या मलने की बात कही गई है?
15. उषा का जादू कब टूटता है?
16. कवि ने नील जल में झिलमिलाती देह की तुलना किससे की है?
17. धनी वर्ग के लोग किसकी आशंका से भयभीत रहते हैं?
18. विप्लव का वीर किसे कहा गया है?
19. जल सदैव किसमें से छलकता है?
20. लोग पेट की आग बुझाने के लिए किन-किन तक को बेच देते हैं?
21. तुलसीदास स्वयं को क्या कहलवाना पसंद करते हैं?

22. रावण नें किसके समक्ष हनुमान एवं अन्य वानरादि की वीरता का वर्णन किया है?
23. कवि ने दरिद्रता की तुलना किससे की है?
24. निर्मल जल से नहलाने के बाद माॅ बच्चे का क्या  करती है?
25. रक्षाबंधन की सुबह आसमान कैसा है?
26. छोटा मेरा खेत कविता में कवि ने किस खेत की बात की है?
27. कवि ने अपने खेत में कौन-सा बीज बोया?
28. रघुवीर सहाय अज्ञेय द्वारा संपादित किस 'सप्तक  ' के कवि हैं?
29. चाँद का मुह टेढा है' किस कवि की रचना है?
30. 'आत्मजयी  ' किसकी रचना है?
31. 'राम की शक्तिपूजा' कविता के रचनाकार कौन हैं?
32. 'बादलराग' कविता में अद्टालिका को क्या कहा गया है?
33. तुलसीदास कृत 'कवितावली' किस भाषा में लिखी गई है
34. कुँवर नारायण की रचना 'कविता के बहाने' उनके किस काव्य संग्रह से ली गई है?
35. तुलसी अपने किस रूप पर गर्व करते हैं?
36. तुलसीदास जी नें रावण की तुलना किससे की है?
37. बच्चा माँ की गोद में कैसी प्रतिक्रिया करता है?
38. दीवाली के दिन माता बच्चे के लिए क्या  लेकर आती है?
39. 'रस की पुतली' किसे कहा गया है?
40. हिंदी साहित्य के आधुनिक काल के जनक का नाम लिखिए |
41. कठिन गद्य का प्रेत किसे कहा गया है ?

**सत्य /असत्य कथन लिखिए-**

1. हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा दो खंडो में है।
2. हरिवंश राय बच्चन का निधन मुम्बई में 2003 में हुआ।
3. 'प्रवासी की डायरी' बच्चन की आत्मकथा है।
4. 'मधुशाला' बच्चन की प्रसिद्ध कृति है।
5. बच्चे प्रत्याशा में नीड़ों से झांक रहे होंगे।
6. कवि बच्चन मंत्री का वेश लिए फिरते हैं।
7. शरद ऋतु पुलों को पार करती हुई आई।
8. बच्चे जन्म से ही अपने साथ कपास लेकर आते हैं।
9. बच्चे दिशाओं को ढपली की तरह बजाते हैं।
10. कविता एक खिलना है बच्चों  के बहाने।

11. सीधी बात भाषा के चक्कर में टेढी फँस गई।
12. कवि ने हारकर बात को कील की तरह ठोंक दिया।
13. एक बंद कमरे में एक भिखारी को लाया जाएगा।
14. कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए कैमरे के सामने अपाहिज को रोने के लिए विवश किया जाता है।
15. रघुवीर सहाय दूसरे सप्तक के कवि हैं
16. कैमरे के सामने बैठे अपाहिज के साथ-साथ दर्शकों को भी रूलाने की कोशिश होती है।
17. प्रात:काल का आकाश नीले पानी जैसा था।
18. चौके को राख से लीपा गया था।
19. सूर्योदय होने पर उषा का जादू टूटता है।
20. अस्थिर सुख पर सदैव दु:ख की छाया छायी रहती है।
21. शैशव का सुकुमार शरीर रोग-शोक में भी हँसता रहता है।
22. दु:ख रूपी रावण धनिकों को दबोचता है।
23. पेट भरने के लिए लोग ऊँचे-नीचे और नैतिक-अनैतिक काम तक करने से नहीं हिचकते।
24. लक्ष्मण जी के लिए संजीवनी बूटी लाने के लिए अंगद गए थे।
25. तुलसीदास को 'लोकनायक कवि' कहा जाता है ।
26. दीवाली पर गुड़ के खिलौने खरीदे जाते हैं ।
27. बालक चाँद के लिए ललचा रहा है ।
28. कविता सृजन के लिए शब्द रूपी बीज को कल्पना की खाद की आवश्यकता होती है।
29. बगुलों के पंख के लिए कविता में नभ में पतंगें छायी हुई हैं।
30. आसमान में उड़ते बगुलों की पंक्ति कवि की आँखें चुराए लिए जा रही है
31. बच्चन प्रेम व मस्ती के कवि हैं।
32. कुँवर नारायण प्रगतिवादी रचनाकार हैं।
33. तुलसीदास भक्तिकालीन सगुणकाव्य धारा के कवि हैं।
34. रामचरितमानस की रचना ब्रजभाषा में की गई है।
35. जयशंकर प्रसाद छायावादी कवि हैं ?
36. लौकिक साहित्य आदिकाल की विशेष उपलब्धि है |

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

1. स्नेह-सुरा से क्या आशय है?
2. जग-जीवन के भार से कवि का क्या आशय है?
3. कवि संसार को अपूर्ण क्यों मानता है?

4. स्वप्नों के संसार से कवि का क्या आशय है?
5. कवि उर का उद्‌गार व उपहार क्या है?
6. कवि जग का ध्यान क्यों नहीं करना चाहता है?
7. बच्चे किस बात की आशा में नीड़ो से झाँक रहे होंगे?
8. कवि किस कारण अवसाद से ग्रस्त है?
9. कवि किस प्रकार के ज्ञान को भूलना चाह रहा है?
10. बड़े-बड़े राजा किस पर न्यौछावर होते हैं?
11. थका हुआ पंथी किस कारण जल्दी -जल्दी चलता है?
12. कवि के मन में किस चीज की आशंका है?
13. चिडियों के परों में चंचलता किस कारण आ जाती है?
14. कवि के उर में कैसी विह्लता जन्म लेती है?
15. कवि किसलिए चंचलता त्याग देता है?
16. दिशाओं को मृदंग की तरह बजाने से क्या तात्पर्य है?
17. ‘उडने’ और ‘खिलने’ का कविता से क्या संबंध बनता है?
18. कविता के संदर्भ में ‘बिना मुरझाए महकने के माने’ क्या होते हैं?
19. ‘भाषा को सहूलियत’ से बरतने से क्या अभिप्राय है?
20. हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे पंक्ति के माध्यम से कवि नें क्या व्यंग्य किया है?
21. उषा का जादू क्या है, और क्यों टूट रहा है?
22. कवि ने प्रात:कालीन वातावरण की समानता नीले शंख से क्यों की है?
23. ‘काली सिल’ और ‘स्लेट’ किस दृश्य को चित्रित करते हैं?
24. कवि ने बादलों को ‘विप्लव के बादल’ क्यों कहा है?
25. रणतरी किसे कहा गया है? वह किन आकांक्षाओं से भरी है?
26. अस्थिर सुख पर दुख की छाया पंक्ति में दुख की छाया किसे कहा गया है और क्यों?
27. ‘अशनि-पात से शापित उन्नत शत-शत वीर’पंक्ति में किसकी ओर संकेत किया गया है?
28. शोकग्रस्त माहौल में हनुमानजी के अवतरण को करूण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है?
29. हनुमान ने भरत के किन गुणों की प्रशंसा की है ?

30. राम ने भातृ-प्रेम की तुलना में किसको हीन माना है ?

31. शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव व्यंजित करना चाहता है ?

32. छोटे चौकोर खेत को कागज का पन्ना कहने में क्या अर्थ निहित है ?

33. मेरा छोटा खेत कविता के संदर्भ में अंधड और बीज क्या है?

34. भक्तिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए |

35. छायावादी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |

36 प्रगतिवादी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |

37 प्रयोगवादी काव्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |

38 नई कविता दो विशेषताएँ एवं दो कवियों के नाम लिखिए |

39 रीतिकाल के दो कवियों के नाम एवं उनकी दो-दो रचनाएँ लिखिए |

**निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कर लिखिए-**

**1.** ‘मैं जग-जीवन का भार लिए फिरता हूँ,
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ;
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,
मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ।‘

**2.** ‘मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ;
हो जिस पर भूपों के प्रासाद निछावर,
मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।‘

**3.** ‘मैं स्नेह-सुरा का पान किया करता हूँ,
मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ;
जग पूछ रहा उनको जो जग की गाते,
मैं अपने मन का गान किए करता हूँ।‘

4. 'तिरती है समीर-सागर पर
अस्थिर सुख पर दुःख की छाया-
जग के हृदय पर
निर्दय विप्लव की प्लावित माया-

5. 'अद्टालिका नहीं है रे
आतंक-भवन
सदा पंक पर ही होता
जल-विप्लव-प्लावन,
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से
सदा छलकता नीर,
रोग शोक में भी हँसता है
शैशव का सुकुमार शरीर।'

6. 'धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूतु कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
काहू की बेटी सों बेटा न बयाहब , काहूकि जाति बिगार न सोऊ।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रूचै सो कहै कछु ओऊ।
माँगी कै खैबो, मसीत को सोइबो, लैबोको एकु न दैबको दोऊ।'

7. 'जौं जनतेउँ बन बिछोहू। पिता बचन मनतेउँ नहिं ओहू।।
सुत बित नारि भवन परिवारा। होहिं जाहिं जग बारहिं बारा।।
अस बिचारि जिय जागहु ताता। मिलइ न जगत सहोदर भ्राता।।
जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।
अस मम जिवन बंधु बिनु तोही। जौ जड दैव जिआवै मोही।।

8. 'छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना
कोई अंधड कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।'

**9.** 'कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया नि:शेष,
शब्द के अंकुर फूटे
-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।'

**10.** 'जोर जबरदस्ती से
बात की चूडी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी
हार कर मैंने उसे कील की तरह
उसी जगह ठोंक दिया।'

**कवि परिचय** –

1. हरिवंश राय बच्चन का साहित्यिक परिचय निम्न लिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए-

   (क) कोई दो रचनाएँ (ख) भावपक्ष, कलापक्ष (ग) साहित्य में स्थान

2. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का साहित्यिक परिचय निम्न लिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए-

   (क) कोई दो रचनाएँ (ख) भावपक्ष, कलापक्ष (ग) साहित्य में स्थान

3. **रघुवीर सहाय** का साहित्यिक परिचय निम्न लिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए-

   (क) कोई दो रचनाएँ (ख) भावपक्ष, कलापक्ष (ग) साहित्य में स्थान

4. तुलसीदास का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित के आधार पर लिखिए-

   (क) कोई दो रचनाएँ (ख) भावपक्ष, कलापक्ष (ग) साहित्य में स्थान

--------------xxxxx--------------

# इकाई – 2

# आरोह भाग – 2 गद्‍य खण्ड

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. भक्तिन पाठ लिखा गया है-

   अ कहानी ब. आलेख स. रेखाचित्र द. लेख

2. जिठौत का अर्थ है-

अ बड़ा भाई ब. ससुर का पुत्र स. जेठ का पुत्र द. देवर का पुत्र

3. भक्तिन का वास्तविक नाम था-

अ मीरा ब. राधा स. लछमिन द. सरस्वती

4. भक्तिन गले में पहनती थी-

अ मणिमाला ब. कंठी माला स. मोती माला द. सोने की माला

5. महादेवी वर्मा का जन्म वर्ष है-

अ 1905 ब. 1906 स. 1907 द. 1908

6. 'यामा' काव्य-संग्रह है-

अ मीराबाई का ब. महादेवी वर्मा का
स. सुमद्रा कुमारी चौहान का द. जयशंकर प्रसाद का

7. बाजार दर्शन पाठ के लेखक हैं-

अ. धर्मवीर भारती ब. जैनेन्द्र कुमार

स. विष्णु खरे द. महादेवी वर्मा

8. 'परख' उपन्यास के लेखक हैं-

अ हजारी प्रसाद द्विवेदी ब. प्रेमचंद

स. यशपाल द. जैनेन्द्र कुमार

9. बाजार दर्शन पाठ है-

अ निबंध ब. कहानी स.रेखाचित्र द.संस्मरण

10. पर्चेजिंग पावर का अर्थ है-

अ सामान ब. खरीदने की शक्ति स.अग्रिम राशि द. इच्छा

11. बाजार का जादू चढ़ने का अर्थ है-

अ आकर्षक वस्तुएँ ब. उपहार की वस्तुएँ
स.उधार की वस्तुएँ द. उपहार की वस्तुएँ

12. बाजार दर्शन पाठ का केंद्रीय भाव है-

अ बाजारवाद ब. राजनीति स.धर्म द. समाज

13. 'काले मेघा पानी दे' पाठ के लेखक हैं।

अ महादेवी वर्मा ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी स. धर्मवीर भारती द. विष्णु खरे

14. 'गुनाहों का देवता' उपन्यास के लेखक हैं-

अ धर्मवीर भारती ब. जैनेन्द्र कुमार स. प्रेमचंद द. वृंदावन लाल वर्मा

15. 'काले मेघा पानी दे' पाठ है-

अ रेखाचित्र ब. संस्मरण स. आलेख द. एकांकी

16. पखवारा शब्द का अर्थ है-

अ सात दिन की अवधि ब. पंद्रह दिन की अवधि

स. एक माह की अवधि द. तीन माह की अवधि

17. लोक-प्रचलित विश्वास और विज्ञान के द्वन्द्व का चित्रण किस पाठ में हैं-

अ बाजार दर्शन ब. काले मेघा पानी दे स. भक्तिन द. पहलवान की ढोलक

18. द्वार-द्वार पानी माँगने जाती है-

अ वानर सेना ब. इंदर सेना स. जल सेना द. थल सेना

19. 'पहलवान की ढोलक' पाठ के लेखक हैं-

अ जैनेन्द्र कुमार ब. महादेवी वर्मा स. धर्मवीर भारती द. फणीश्वरनाथरेणु

20. 'मैला आंचाल' उपन्यास के लेखक हैं-

अ फणीश्वरनाथरेणु ब. प्रेमचंद स. वृंदावनलाल वर्मा द. रांगेय राघव

21. 'पहलवान की ढोलक' पाठ की विधा है-

अ एकांकी ब. कहानी स. निबंध द. रेखाचित्र

22. 'चट्-गिड़-धा' का अर्थ है-

अ. मत डरना ब. वाह पट्ठे स. वाह! बहादुर द. दाँव काटो

23. लुट्टन सिंह था

अ तीरंदाज ब. पहलवान स. मदारी द. विदूषक

24. 'शेर के बच्चे ' का असल नाम था-

अ. बाबू सिंह ब. दीवान सिंह स. चाँद सिंह द. सूरज भान

25. 'शिरीष के फूल' पाठ के लेखक हैं-

अ महावीर प्रसाद द्विवेदी ब. धर्मवीर भारती

स. हजारी प्रसाद द्विवेदी द. रामचंद्र शुक्ल

37. 'बाणभट्ट की आत्मकथा ' उपन्यास के लेखक हैं

अ हजारी प्रसाद द्विवेदी ब. प्रेमचंद स. यशपाल द. महावीर प्रसाद द्विवेदी

38. ईक्षु का अर्थ है-

अ मख्खी ब. लाठी स. आम का पेड़ द. गन्ने का तना

39. 'अशोक के फूल' के रचयिता हैं-

अ रांगेय राघव ब. मुंशी प्रेमचंद स. हजारी प्रसाद द्विवेदी द. रामचंद्र शुक्ल

40. नीचे से ऊपर तक फूलों से लदा था-

अ आम का पेड़  ब. अमरूद का पेड़  स. शिरीष का पेड़  द. जामुन का पेड़

41. शिरीष के वृक्ष होते हैं-

अ कांटेदार  ब. छायादार  स. मीठे फलदार  द. नुकीले

42. शिरीष के फूल को संस्कृत -साहित्य में माना गया है-

अ अत्यंत कोमल  ब. अत्यंत कठोर  स. अत्यंत रूखा  द. खुरदरा

44. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जन्म हुआ था-

अ 13 अप्रैल  ब. 14 अप्रैल  स. 15 अप्रैल  द. 16 अप्रैल

45. उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आंबेडकर जी गए-

अ अमेरिका  ब. जापान  स. चीन  द. रूस

46. डॉ.भीमराव आंबेडकर का आदर्श समाज निम्न में से आधारित है-

अ स्वतंत्रता  ब. समानता

स. भाईचारा  द. स्वतंत्रता

47. समता व भ्रातृता वास्तविक रूप क्या है-

अ लोकतंत्र  ब. राजतंत्र  स. नीतितंत्र  द. लोकतंत्र और राजतंत्र

48 दूध-पानी के मिश्रण को डॉ. आंबेडकर ने माना है-

अ भाई-चारा  ब. दयालुता  स. शिक्षा  द. कानून

49 जाति प्रथा को दूसरा रूप कहा गया है-

अ श्रम विभाजन को  ब. समय विभाजन को

स. समाज विभाजन को  द. अर्थ विभाजन को

50 उत्पीड़न का अर्थ है

अ शोषण  ब. मदद  स. उलाहना  द. पेशा

51 समता व भ्रातृता वास्तविक रूप क्या है-

अ लोकतंत्र  ब. राजतंत्र  स. नीतितंत्र  द. लोकतंत्र और राजतंत्र

52 खड़ी बोली गद्य की प्रथम रचना है -

अ इंदुमती  ब. अष्टयाम  स. परीक्षागुरु  द. गौरा बादल की कथा

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1. भक्तिन का कद ............ था। (छोटा/बड़ा)
2. भक्तिन पाठ के रचयिता ............ हैं। (महोदवी वर्मा/रजिया सज्जाद जहीर)
3. जीवन के दूसरे परिच्छेद में ............ अधिक है। (सुख/दुख)
4. रोटियाँ अच्छी सेकने के प्रयास में बहुत अधिक ............ हो गई है। (खरी/नरम)
5. मेरे भ्रमण की एकांत साथिन ............ ही रही है। (भक्तिन/महादेवी)
6. मेरे पास वहाँ जाकर रहने के लिए ............ नहीं है। (रुपया/मकान)
7. भक्तिन और मेरे बीच में ............ का संबंध है। (सेवक-स्वामी /लेनदेन)
8. 'त्याग पत्र' उपन्यास के लेखक .............. हैं। (जैनेन्द्र कुमार/प्रेमचंद)
9. परिमित शब्द का अर्थ .............. होता है। (सीमित/असीमित)
10. बाजार में एक .............. है। (खेल/जादू)
11. भाँति-भाँति के बढया माल से .............. भरा है। (चौक/कमरा)
12. पड़ोस में एक महानुमाव रहते हैं जिनको लोग .............. कहते हैं।(भगत जी/ मास्टर जी)
13. इच्छा को लेखक ने .............. रहा है।(स्पृहा/पर्चेजिंग पावर)
14. एक की हानि में दूसरे का अपना .............. दीखता है। (लाभ/स्वार्थ)
15. 'सूरज का सातवां घोड़ा' उपन्यास के लेखक ................ हैं। (धर्मवीर भारती/ प्रेमचंद)
16. अर्ध्य का अर्थ ................ है। (जल चढ़ाना/ मेवा चढ़ाना)
17. 'काले मेघा पानी दे' ................ विधा में लिखा गया है। (संस्मरण / रेखाचित्र)
18. गगरी फूटी ................ पियासा। (बैल/घोड़ा)
19. दीवाली है तो गोबर और कौड़ियों से गोवर्धन और................ बनाने में लगा हूँ। (सतिया/रंगोली)
20. 'टेरते' शब्द का अर्थ है................। (पुकारते /चिल्लाते)
21. 'गगरी फूटी बैल पियासा' यह इंदर सेना का ................ है। (खेलगीत/युद्ध गीत)
22. 'मैला आंचल' उपन्यास के लेखक ................ हैं। (फणीश्वरनाथ रेणु/ खरे)
23. 'पहलवान की ढोलक' पाठ की विधा ................ है। (कहानी/व्यंग्य)
24. 'ढाक्-ढिना' का आशय ................ है। (वाह पट्ठे/मत डरना)

25. चाँद सिंह को ................ कहा जाता था।(शेर के बच्चे /हाथी के बच्चे )

26. लुट्टन बचपन में ................ चराता था। (गाय/बकरी)

27. चाँद सिंह, लुट्टन पर ................ की तरह टूट पड़ा। (बाज/बिल्ली)

28. अँधेरी रात चुपचाप ................ बहा रही थी। (आसूँ/ओस)

29. 'कुटज' रचना ................की है। (हजारी प्रसाद द्विवेदी/महावीर प्रसाद द्विवेदी)

30. धरित्री का अर्थ ................ होता है। (पृथ्वी /आकाश)

31. मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखेने का ................ हूँ। (पक्षपाती/आदी)

32. हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म स्थान ................ है। (छपरा/सहारनपुर)

33. शिरीष के वृक्ष बड़े और ................ होते हैं। (छायादार/बदबूदार)

34. जरा और मृत्यु ये दोनों ही जगत के अतिपरिचित और अतिप्रामाणिक ................ हैं। (सत्य /नित्य)

35. डॉ. अम्बेडकर ने भाईचारे को .............. मिश्रण कहा है। (दूध-चीनी/दूध-पानी)

36. जाति प्रथा का दूसरा रूप .............. है। (श्रम विभाजन/समाज विभाजन)

37. जाति प्रथा .............. से हानिकारक है। (आर्थिक पहलू/राजनीतिक पहलू)

38. मेरा आदर्श समाज स्वंतत्रता, समता और .............. पर आधारित होगा।(भ्रातृता/सहयोग)

39. 'समता' यघपि काल्पनिक .............. की वस्तु है। (जगत/मिथ्या)

40. डॉ आंबेडकर जाति प्रथा के .............. थे। (समर्थक/विरोधी)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए-**

**(1)**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | कुंचित | क बँटवारा |
| ii. | तुषारपात | ख सिकुड़ी हुई |
| iii. | अलगौझा | ग ओले बरसाना |
| iv. | जिठौत | घ मायका |
| v. | अजिया ससुर | ड. जेठ का पुत्र |
| vi. | नैहर | च पति का दादा |

**(2)**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | असबाब | क सीमित |
| ii. | दरकार | ख अग्रिम राशि |

| | |
|---|---|
| iii. परिमित | ग सामान |
| iv. पेशगी | घ जरूरत |
| v. दारुण | ड. महत्त्वहीन |
| vi. नाचीज | च भयंकर |

**(3)**

| अ | ब |
|---|---|
| i. दसतपा | क पंद्रह दिन की अवधि |
| ii. पखवारा | ख तपते दस दिन |
| iii. टेरते | ग पशु |
| iv. ढोर-ढंगर | घ पुकारने |
| v. अर्घ्य | ड. भुना हुआ अन्न |
| vi. भूजा | च जल चढ़ाना |

**(4)**

| अ | ब |
|---|---|
| I. भयार्त्त | क विलाप |
| II. कुंदन | ख भय से पीड़ित |
| III. पट्ठा | ग यश |
| IV. कीर्ति | घ पहलवान |
| V. गद्गद होना | ड. सम्मान बचाना |
| VI. लाज रखना | च खुश होना |

**(5)**

| अ | ब |
|---|---|
| i. भक्तिन | क हजारी प्रसाद द्ववेदी |
| ii. बाज़ार दर्शन | ख बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर |
| iii. काले मेघा पानी दे | ग फणीश्वर नाथ रेणु |
| iv. पहलवान की ढोलक | घ धर्मवीर भारती |
| v. शिरीष के फूल | ड. जैनेन्द्र कुमार |
| vi. मेरी कल्पना का आदर्श समाज | च महादेवी वर्मा |

**(6)**

| अ | ब |
|---|---|
| i. पलाश | क पूँछ वाले |
| ii. दुमदार | ख बिना पूँछ के |
| iii. लँडूरे | ग ढाक |
| iv. हिल्लोल | घ झूला |
| v. दोला | ड. बुढ़ापा |
| vi. जरा | च लहर |

**(7)**

| अ | ब |
|---|---|
| i. विडम्बना | क. बँटवारा |
| ii. पोषक | ख. दुर्भाग्य |
| iii. विभाजन | ग. बढ़ाने वाला |
| iv. विपरीत | घ. दोषपूर्ण |
| v. दूषित | ड. भाईचारा |
| vi. भ्रातृता | च. उल्टा |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. गन्ने का पका हुआ गाढ़े रस को क्या कहा जाता है?
2. भक्तिन को ओंठ कैसे थे?
3. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था?
4. लेखिका की भ्रमण की साथिन कौन रही है।
5. बदरी-केदार के रास्ते कैसे हैं?
6. भक्तिन और लेखिका के बीच कैसा संबंध है?
7. जेठ का पुत्र क्या कहलाता है?
8. ‘बाजार दर्शन’ किस विधा में लिखा गया है।
9. ‘खेल’ कहानी के रचयिता कौन हैं?
10. जैनेन्द्र कुमार का जन्म किस सन में हुआ था?

11. चूरन बेचने का काम कौन करता था?
12. पर्चेजिंग पावर से क्या आशय है?
13. ‘बाजार दर्शन’ पाठ के लेखक कौन है?
14. अकिंचितकर का क्या अर्थ है?
15. काले मेघा पानी दे’ किस विधा में लिखा गया है?
16. ‘गुनाहों का देवता’ उपन्यास के लेखक कौन हैं।
17. धर्मवीर भारती का जन्म वर्ष क्या है?
18. बच्चों की सेना का क्या नाम था?
19. गुड़धानी का क्या अर्थ है?
20. लड़कों की टोली को क्या नाम दिया गया?
21. ‘काले मेघा पानी दे’ पाठ के लेखक कौन है?
22. ‘पहलवान की ढोलक’ पाठ किस विधा में लिखा गया है?
23. ‘मैला आंचल’ उपन्यास के लेखक कौन हैं?
24. फणीश्वर नाथ रेणु का जन्मवर्ष क्या है?
25. ‘पहलवान की ढोलक’ कहानी का मुख्य पात्र कौन है?
26. ‘शेर के बच्चे’ का असल नाम क्या था?
27. लुट्टन सिंह पहलवान की कीर्ति कहाँ तक फैली थी?
28. शिरीष का फूल कब लहकता है?
29. जगत के सत्य क्या हैं?
30. अवधूत किसे कहा गया है?
31. रामायण किसकी रचना है?
32. अनासक्त का क्या अर्थ है?
33. शिरीष के फूल कैसे होते हैं।
34. शिरीष के वृक्ष कैसे होते हैं।
35. डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म कब और कहां हुआ था?
36. ‘बुद्धा एण्ड हिज धम्मा’ के रचयिता कौन हैं?
37. डॉ. आंबेडकर ने उच्च शिक्षा किसके प्रोत्साहन से प्राप्त की?
38. डॉ. आंबेडकर पढ़-लिखकर क्या बनना चाहते थे।

39. डॉ. आंबेडकर के चिंतन के तीन प्रेरक व्यक्ति कौन थे?
40. डॉ. आंबेडकर किस मत के अनुयायी थे।
41. भारत के संविधान निर्माता किसे कहा जाता है।
42. कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए |
43. रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए |
44. जीवनी और आत्मकथा में कोई दो अंतर लिखिए |
45. नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए |
46. निबंध को गद्य की कसौटी क्यों कहा जाता है ?
47. शुक्लयुग के गद्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |
48. द्विवेदीयुग के गद्य की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए |
49. गद्य की विधाओं को प्रमुख एवं गौण विधाओं में वर्गीकृत करके लिखिए |
50. निबंध किसे कहते है? किन्हीं दो निबंधकारों एवं उनके दो-दो निबंधों के नाम लिखिए|

**सत्य /असत्य कथन लिखिए-**

1. भक्तिन देहातिन थी।
2. भक्तिन का कद लम्बा था।
3. महादेवी वर्मा छायावादी कवयित्री हैं।
4. 'अतीत के चलचित्र' महादेवी वर्मा की रचना है।
5. 'भक्तिन' महादेवी का संस्मरणानात्मक रेखाचित्र है।
6. भक्तिन का जीवन संघर्षशील रहा है।
7. बाजार दर्शन पाठ की लेखक महादेवी वर्मा हैं।
8. जैनेन्द्र कुमार उपन्यास कार हैं।
9. खरीदने की शक्ति को ही लेखक ने पर्चेजिंग पावर कहा है।
10. 'त्याग पत्र' मनोवैज्ञानिक उपन्यास है।
11. जैनेन्द्र कुमार का जन्म सन 1905 में हुआ था।
12. 'अपना-अपना कहानी के रचयिता प्रेमचंद हैं।
13. धर्मवीर भारती प्रसिद्ध नाटककार हैं।
14. 'गुनाहों' को देवता' उपन्यास के लेखक प्रेमचंद हैं।

15. 'कनुप्रिया' धर्मवीर भारती का कविता संग्रह है।
16. धर्मवीर भारती का जन्म सन् 1926 में हुआ था।
17. इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय बोलती है।
18. लड़कों की टोली को मेढ़क मंडली नाम दिया गया है।
19. 'पहलवान की ढोलक' पाठ निबंध विधा में लिखा गया है।
20. 'मैला आंचल' उपन्यास के लेखक फणीश्वरनाथ रेणु हैं।
21. चाँद सिंह को हाथी का बच्चा कहा जाता था।
22. क्रंदन का अर्थ विलाप करना है।
23. लुट्टन बचपन में गाय चराता था।
24. कीर्ति शब्द का पर्याय यश है।
25. शिरीष को अवधूत कहा गया है।
26. शिरीष के वृक्ष काँटेदार होते हैं।
27. बसंत के अगमन के साथ शिरीष का फूल लहकता है।
28. गन्ने का तना को ईक्षुदण्ड कहते हैं।
29. 'अशोक के फूल' महावीर प्रसाद द्विवेदी की रचना है।
30. शिरीष का फूल अत्यंत कठोर होता है।
31. डॉ. आंबेडकर को संविधान निर्माता कहा जाता है।
32. डॉ. आंबेडकर बौद्ध मतानुयायी बने।
33. डॉ. आंबेडकर पढ़-लिखकर वैज्ञानिक बनना चाहते थे।
34. डॉ. आंबेडकर बड़ौदा नरेश के प्रोत्साहन से उच्च शिक्षा प्राप्त की।
35. डॉ. आंबेडकर का जन्म 15 अप्रैल को महू में हुआ था।
36. डॉ. आंबेडकर ने उच्च शिक्षा अमेरिका और लंदन से प्राप्त की।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

1. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था? वह अपने इस नाम को क्यो छुपाती रही?
2. नौकरी की खोज में आईं भक्तिन ने अपने वास्तविक नाम लछमिन का उपयोग न करने की बात लेखिका से क्यों कही?
3. लगान न चुकाने पर जमींदार ने भक्तिन को क्या सजा दी?

4. लेखिका के अनुसार भक्तिन के जीवन का परम कर्तव्य क्या था?
5. लेखिका की मनोदशा समझने में क्या भक्तिन प्रवीण थी?
6. 'भक्तिन और मेरे बीच में सेवक-स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है।' लेखिका ने ऐसा क्यों कहा?
7. भक्तिन के आ जाने से महादेवी देहाती कैसे हो गई?
8. 'भक्तिन की कहानी अधूरी है।' लेखिका महादेवी ने ऐसा क्यों कहा?
9. माया कौन जोड़ता है? बाजार दर्शन पाठ के आधार पर बताइये?
10. 'पर्चेजिंग पावर' से लेखक का क्या आशय है?
11. बाजार का जादू क्या है? वह कैसे काम करता है?
12. लेखक के पड़ोस में रहले वाले भगत जी क्या काम करते हैं?
13. बाजार एक जादू है? लेखक ने ऐसा क्यों कहा?
14. बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?
15. लेखक जैनेन्द्र कुमार के अनुसार 'बाजारूपन' से क्या तात्पर्य है?
16. 'बाजार किसी का लिंग, जाति, धर्म या क्षेत्र नहीं देखता 'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर बताइये?
17. 'स्त्रियों द्वारा माया जोड़ना प्रकृति प्रदत्त नहीं, बल्कि परस्थितिवश है' पठित पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए?
18. नकली सामान के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आप क्या कर सकते हैं?
19. 'काले मेघा पानी दे' से लेखक का क्या तात्पर्य है?
20. 'गगरी फूटी बैल पियासा' का आशय क्या है?
21. 'पानी दे गुड़धानी दे' से लेखक क्या कहना चाहता है?
22. 'पानी दे मैया, इंदर सेना आई है।' यह कथन किसका है?
23. बारिश के न होने पर गाँव की हालत कैसी थी?
24. तीज-त्यौहारों पर कौन-कौन से पकवान बनते हैं?
25. त्याग से क्या आशय है? पठित पाठ 'काले मेघा पानी दे' के आधार पर बताइये।
26. 'यथा राजा तथा प्रजा' से लेखक का क्या आशय है।
27. लड़कों की टोली को 'मेढक-मंडली' नाम क्यों दिया गया?
28. इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को सही क्यों ठहराया गया?

29. लुट्टन का बचपन कैसा था?
30. ‘शेर के बच्चे ’ का असली नाम क्या था? उसके गुरू का क्या नाम था?
31. लुट्टन ने श्यामनगर मेले में किसे और क्यों चुनौती दी?
32. ‘धाक धिना, तिरकट तिना, धाक धिना, तिरकट तिना’ से क्या आशय है?
33. ‘जीते रहो बहादुर! तुमने मिट्टी की लाज रख ली।‘ यह कथन किसने, किस संदर्भ में कहा?
34. काला खाँ के संबंध में क्या बात मशहूर थी?
35. लुट्टन पहलवान की मेलों में कया वेशभूषा रहती थी?
36. पहलवान के कितने बेटे थे? लोगों की उनके प्रति क्या राय थी?
37. लुट्टन पहलवान का गुरू कौन था? ढोलक से उसका क्या नाता था?
38. शिरीष के फूलों की क्या विशेषता है?
39. शिरीष को कालजयी अवधूत क्यों कहा गया है?
40. लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी ने शिरीष के अलावा और कौन-कौन से वृक्षों को मंगल जनक वृक्ष माना है?
41. शिरीष वृक्ष के बारे में संक्षिप जानकारी दीजिए?
42. शिरीष के फूल को लेखक ने ‘शीत पुष्प ’ की संज्ञा किस आधार पर दी है?
43. शिरीष के फूल को बहुत कोमल क्यों माना गया है?
44. शिरीष के अलावा लेखक ने कौन-कौन से वृक्षों का उल्लेख किया है?
45. कोमल और कठोर दोनों भाव किस प्रकार गांधी जी के व्यक्तित्व की विशेषता बन गए?
46. ‘शिरीष के फूल’ पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि हजारी प्रसाद द्विवेदी को वनस्पतियों के प्रति रुचि है?
47. अशोक वृक्ष की कोई दो विशेषताएँ लिखिये?
48. ‘जाति प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी का कारण है’ क्या इस कथन से आप सहमत हैं, अपना तर्क दीजिए?
49. ‘दासता’ की परिभाषा क्या है? पठित पाठ के आधार पर लिखिए?
50. ‘डॉ॰ अम्बेडकर ने भावनात्मक समत्व को मानवीय दृष्टि के तहत जातिवाद का उन्मूलन चाहा है।’ इससे आप कहाँ तक सहमत हैं?

51. डॉ॰ अम्बेडकर की दृष्टि में आदर्श समाज की कल्पना क्या है?

52. ‘भाईचारे का दूसरा नाम लोकतंत्र है। डॉ॰ अम्बेडकर जी ने ऐसा क्यों कहा?

53. मनुष्य की क्षमता किन तीन बातों पर निर्भर करती है?

54. न्याय का तकाज़ा क्या है?

55. डॉ॰ अम्बेडकर की दृष्टि में ‘समता’ से क्या आशय है?

**गद्यांश की संदर्भ - प्रसंग सहित व्याख्या**

1. भक्तिन और मेरे बीच में सेवक-स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है, क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटाना सके और ऐसा सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवजा से हँस भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी-बारी से आने-जाने वाले अंधेरे-उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख-दुःख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तितत्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए।

2 सेवक-धर्म में हनुमान जी से स्पर्द्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनामधन्या गोपालिका की कन्या है-नाम है लछमिन अर्थात लक्ष्मी। पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है, वैसे ही लक्ष्मी की समृद्धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बँध सकी। वैसे तो जीवन में प्राय: सभी को अपने-अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है; पर भक्तिन बहुत समझदार है, क्योंकि वह अपना समृद्धि-सूचक नाम किसी को बताती नहीं। केवल जब नौकरी की खोज में आई थी, तब ईमानदारी का परिचय देने के लिए उसने शेष इतिवृत्त के साथ यह भी बता दिया; पर इस प्रार्थना के साथ कि मैं कभी नाम का उपयोग न करूँ। उपनाम रखने की प्रतिभा होती, तो मैं सबसे पहले उसका प्रयोग अपने ऊपर करती, इस तथ्य को वह देहातिन क्या जाने, इसी से जब मैंने कंठी माला देखकर उसका नया नामकरण किया तब वह भक्तिन-जैसे कवित्वहीन नाम को पाकर भी गद्गद हो उठी।

3. बाजार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत

में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमन्त्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं उस वक्त जेब भरी हो, तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है।

4. यहाँ मुझे ज्ञात होता है कि बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है। और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति-शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं। न तो वे बाजार से लाभ उठा सकते हैं न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते हैं। वे लोग बाजार का बाजारूपन बढ़ाते हैं। जिसका मतलब है कि कपट बढ़ाते हैं। कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की घटी ।

5. जाड़े का दिन। अमावस्या की रात-ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयानं शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूस की झोंपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य! अंधेरा और निस्तब्धता! अंधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।

6. रात्रि की विभीषिका को सिर्फ पहलवान की ढोलक ही ललकारकर चुनौती देती रहती थी। पहलवान संध्या से सुबह तक, चाहे जिस खयाल से ढोलक बजाता हो, किंतु गाँव के अद्धमृत, औषधि उपचार- पथ्य-विहीन प्राणियों में वह संजीवनी शक्ति ही भरती थी। बूढ़े-बच्चे जवानों की शक्तिहीन आँखों के आगे दंगल का दृश्य नाचने लगता था। स्पदन-शक्तिशून्य स्नायुओं में भी बिजली दौड़ जाती थी। अवश्य ही ढोलक की आवाज में न तो बुखार हटाने का कोई गुण और न महामारी की सर्वनाश शक्ति को रोकने की शक्ति ही, पर इसमें संदेह नहीं कि मरते हुए प्राणियों को आँख मूंदते समय कोई तकली एक-एक बार

मुझे मालूम होता है कि यह सिर्फ एक अद्‌भुत अवधूत है । दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हज़रत ना जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पति शास्त्री ने मुझे बताया कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमंडल से अपना रस खींचता है। जरूर खींचता होगा। नहीं, तो भयंकर लू के समय इतने कोमल तंतु जाल और ऐसे सुकुमार केसर को कैसे होगा सकता था?

7. एक-एक बार मुझे मालूम होता है कि यह सिर्फ एक अद्‌भुत अवधूत है । दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हज़रत ना जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पति शास्त्री ने मुझे बताया कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमंडल से अपना रस खींचता है। जरूर खींचता होगा। नहीं, तो भयंकर लू के समय इतने कोमल तंतु जाल और ऐसे सुकुमार केसर को कैसे होगा सकता था?

8. अवधूतों के मुँह से ही संसार की सबसे सरस रचनाएँ निकली हैं। कबीर बहुत कुछ शिरीष केसमान ही थे, मस्त और बेपरवा, पर सरस और मादक। कालिदास भी ज़रूर अनासक्त योगी रहे होंगे। शिरीष के फूल फक्कड़ाना मस्ती से ही उपज सकते हैं और 'मेघदूत' का काव्य उसी प्रकार के अनासक्त अनाविल उन्मुक्त हृदय में उमड़ सकता है।

9. जो कभी अनासक्त नहीं रह सका, जो फक्कड़ नहीं बन सका, जो किए-कराए का लेखा जोखा मिलाने में उलझ गया, वह भी क्या कवि है? कहते हैं कर्णाट- राज प्रिया विज्जिका देवी ने गर्व पूर्वक कहा था कि एक कवि ब्रह्मा थे, दूसरे वाल्मीकि और तीसरे व्यास । एक ने वेदों को दिया, दूसरे ने रामायण को और तीसरे ने महाभारत को।

10. फूलों की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब-कुछ कोमल है! यह भूल है। इसके फल इतने मजबूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं

छोड़ते हैं। जब तक नए फल-पत्ते मिलकर, धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं। वसंत के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं। मुझे इनको देखकर उन नेताओं की बात याद आती है, जो किसी प्रकार जमाने का रुख नहीं पहचानते और जब तक नयी पौध के लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं ।

11. जाति प्रथा को यदि श्रम विभाजन मान लिया जाए, तो यह स्वाभाविक विभाजन नहीं है, क्योंकि यह मनुष्य की रुचि पर आधारित नहीं है। कुशल व्यक्ति या सक्षम-श्रमिक-समाज का निर्माण करने के लिए यह आवश्यक है कि हम व्यक्तियों की क्षमता इस सीमा तक विकसित करें, जिससे वह अपना पेशा या कार्य का चुनाव स्वयं कर सके। इस सिद्धांत के विपरीत जाति-प्रथा का दूषित सिद्धांत यह है कि इससे मनुष्य के प्रशिक्षण अथवा उसकी निजी क्षमता का विचार किए बिना, दूसरे ही दृष्किोण जैसे माता-पिता के सामाजिक स्तर के अनुसार, पहले से ही अर्थात् गर्भधारण के समय से ही मनुष्य का पेशा निर्धारित कर दिया जाता है।

12. जातिप्रथा के पोषक, जीवन, शारीरिक-सुरक्षा तथा संपत्ति के अधिकार की स्वतंत्रता को तो स्वीकार कर लेंगे, परंतु मनुष्य के सक्षम एवं प्रभावशाली प्रयोग की स्वतंत्रता देने के लिए जल्दी तैयार नहीं होंगे, क्योंकि इस प्रकार की स्वतंत्रता का अर्थ होगा अपना व्यवसाय चुनने की स्वतंत्रता किसी को नहीं है, तो उसका अर्थ उसे 'दासता' में जकड़कर रखना होगा, क्योंकि 'दासता' केवल कानूनी पराधीनता को ही नहीं कहा जा सकता। 'दासता' में वह स्थिति भी सम्मिलित है जिससे कुछ व्यक्तियों को दूसरे लोगों के द्वारा निर्धारित व्यवहार एवं कर्तव्यों का पालन करने के लिए विवश होना पड़ता है। यह स्थिति कानूनी पराधीनता न होने पर भी पाई जा सकती है। उदाहरणार्थ, जाति प्रथा की तरह ऐसे वर्ग होना संभव है, जहाँ कुछ लोगों की अपनी इच्छा के विरुद्ध पेशे अपनाने पड़ते हैं।

------xxxxxx----

# इकाई - 4
# भाषा बोध

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न** **(01 अंक )**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. वे विभिन्न शब्द जिनका स्त्रोत संस्कृत नहीं है, भारत में ग्राम्य क्षेत्रों अथवा जनजातियों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषा परिवारों के हैं कहलाते हैं-

   (अ) विदेशी शब्द (ब) क्षेत्रीय शब्द

(स) तकनीकी शब्द (द) निपात शब्द।

2. निम्न में से अवधारणा बोधक निपात शब्द नहीं हैं -

(अ) ठीक (ब) लगभग (स) करीब (द) काश

3. 'काश! आज वर्षा होती' इस वाक्य में 'काश' कौन सा निपात शब्द है-

(अ) सीमा बोधक (ब) विस्मयादिबोधक (स) प्रश्न बोधक (द) निषेधात्मक निपात

4. निम्न शब्दों में से तकनीकी शब्द नहीं हैं -

(अ) अंगोछा (ब) रेखा चित्र (स) अभिकर्ता (द) आयोग

5. जो शब्द विभिन्न शास्त्रों और विज्ञानों में ही प्रयुक्त होते हैं ,संबंध शास्त्र या विज्ञान के प्रसंग में जिन की परिभाषा दी जा सके, कहलाते हैं--

(अ) निपात शब्द (ब) तकनीकी शब्द

(स) पारिभाषिक शब्द (द) विदेशी शब्द

6. राष्ट्रभाषा के लिए प्रयुक्त किए जाने वाला शब्द है--

(अ) राज्य भाषा (ब) संपर्क भाषा (स) मातृभाषा (द) विभाषा

7. राजभाषा को अंग्रेजी में कहते हैं--

(अ) नेशनल लैंग्वेज (ब) ऑफिशियल लैंग्वेज

(स) वर्किंग लैंग्वेज (द) कॉमन लैंग्वेज

8. राज्य विशेष में कामकाज की भाषा कहलाती है -

(अ) मातृभाषा (ब) राष्ट्रभाषा (स) राजभाषा (द) विभाषा

9. शब्दों के अर्थ पूर्ण समूह को कहा जाता है-

(अ) वर्ण (ब) शब्द (स) वाक्य (द) पद

10. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेद होते हैं-

(अ) 4 (ब) 6 ( स) 8 (द) 10

11. रचना के अनुसार वाक्य के भेद होते हैं-

(अ) 2 (ब) 3 (स)4 (द) 5

12 जिस वाक्य में एक ही संज्ञा और क्रिया का प्रयोग होता है उस कहते हैं -

(अ) सरल वाक्य (ब) संयुक्त वाक्य

(स) मिश्र वाक्य (द) इनमें से कोई नहीं

13 ऐसे वाक्य जिनमें प्रार्थना ,इच्छाएं ,आशीष प्रकट होता है, कहलाते हैं-

(अ) प्रश्नवाचक (ब) इच्छा वाचक (स) आज्ञा वाचक (द) संदेह वाचक।

14 मानव के विचारों को प्रकट करने वाला सार्थक शब्दों का व्यवस्थित समूह कहलाता है-

(अ) वाक्य (ब) वाक्यांश (स) मुहावरा (द) लोकोक्ति

15 'वह अच्छा खेला,परंतु हार गया' ये वाक्य है एक -

(अ) संयुक्त वाक्य (ब) सरल वाक्य

(स) प्रश्नवाचक वाक्य (द) नकारात्मक वाक्य।

16 अंगार उगलना का अर्थ है -

(अ) आग लगाना (ब) भयंकर गर्मी (स) गाली देना (द) कठोर वचन कहना

17 आंखों पर चर्बी छाना का अर्थ है -

(अ) धोखा खाना (ब) कुछ समझ ना आन (स) अभिमान करना (द) निर्लज्ज होना।

18 आंधी के आम का अर्थ है -

(अ) सस्ती वस्तु (ब) उपहार में प्राप्त वस्तु

(स) कठिनाई से प्राप्त वस्तु (द) दुर्लभ वस्तु

19 मंत्र फूंकना का अर्थ है -

(अ) पवित्र बनना (ब)भलाई का ढोंग करना (स) प्रेरणा देना (द) बरगलाना

20 मक्खी पर मक्खी मारना का अर्थ है -

(अ) छोटी बात को बढ़ा देना (ब) ज्यों की त्यों नकल करना

(स) समय व्यर्थ खो देना (द) निरर्थक काम को लगातार किए जाना

21 खुलेआम खुले खजाने का अर्थ है -

(अ) मुंहफट होना (ब) व्यर्थ की बातें करना

(स) बेशर्म होना (द) सबके सामने प्रकट रूप में

22 काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती का अर्थ है -

(अ) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते (ब) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती

(स) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है (द) छल कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता

23 अपने मरे बिना स्वर्ग नहीं दिखता का अर्थ है -

(अ) स्वयं प्रयत्न करने पर ही काम बनता है

(ब) विपत्ति में पढ़े बिना अच्छा फल नहीं मिलता

(स) प्रयत्न किए बिना वास्तविकता सामने नहीं आती

(द) स्वयं ही सब कार्य करना पड़ता है

24 आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास का अर्थ है -

(अ) हरि भक्ति का मार्ग कठिन होता है

(ब) उद्देश्य की प्राप्ति में असफल होना

(स) किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना

(द) ईश्वर भक्ति छोड़ व्यापार में लग जाना

25 ढाक के वही तीन पात होनाका अर्थ है -

(अ) यत्न पूर्वक रखना    (ब) सदा एक सा

(स) उटपटांग काम करना    (द) अनुरूप बनाना

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1. वह शब्द जो क्षेत्र विशेष में बोले जाते हैं----- कहलाते हैं।( तकनीकी/ क्षेत्रीय शब्द)
2. किसी निर्मित अथवा खोजी गई वस्तु अथवा विचार को व्यक्त करने वाले शब्द----- कहलाते हैं।( तकनीकी शब्द/ निपात शब्द)
3. वे शब्द जो वाक्य में किसी शब्द के बाद बल देने के लिए लगाए जाते हैं। ------ कहलाते हैं(क्षेत्रीय शब्द /निपात शब्द)
4. वे शब्द जो किसी ज्ञान विज्ञान के विशेष क्षेत्र में एक विशिष्ट तथा निश्चित अर्थ में प्रयुक्त किए जाते हैं।------ कहलाते हैं।( तकनीकी शब्द /योगिक शब्द)
5. हालदार साहब अब भी नही समझ पाए।मैं 'भी' ---- शब्द है।( निपात /यौगिक )
6. वर्षा से नदियों का----- तीव्र हो जाता है।( प्रभाव / प्रवाह)
7. भारत देश में बाढ़ से प्रतिवर्ष ----बहुत होती है।(क्षति/ क्षिति)
8. हमें -----पान से सदैव बचना चाहिए।( मध्य/ मद्य)
9. आजकल अच्छी फसल प्राप्त करने के लिए -----बीज बोया जाता है।( संकर/शंकर)
10. शब्द युग्म के---- प्रकार हैं |    (4/6)
11. जब एक ही शब्द की पुनरावृति होती है तो उसे ------ शब्द युग्म कहते हैं।( पुनरुक्त शब्द युग्म/ अनुकरणात्मक शब्द युग्म)
12. वाक्य -----हैं।( सार्थक शब्द समूह/ निरर्थक शब्द समूह)

13. वह कहाँ  गया है?----- वाक्य है।( प्रश्नवाचक/ निषेधवाचक)
14. ----- वाक्यों में किसी बात को साधारण रूप से कहा जाता है।(संकेतवाचक वाक्य/विधि वाचक वाक्य)
15. जब मूल वाक्य के साथ एक या अधिक वाक्य और भी मिले होते हैं,तब वह ------ कहलाता है।
    संयुक्त वाक्य /मिश्र वाक्य)
16. हाय! मैं लुट गया। वाक्य-----हैं।( विस्मयादिबोधक वाक्य/ संकेतवाचक वाक्य)
17. एक ऐसा वाक्यांश जिसका अर्थ सामान्य अर्थ से भिन्न तथा चमत्कारिक एवं विलक्षण होता है,------कहलाता है।(मुहावरा / लोकोक्ति)
18. लोक प्रसिद्ध उक्ति ----- कहलाती है।(मुहावरा / लोकोक्ति)
19. दाल न गलना मुहावरे का अर्थ ----- हैं।(सफल न होना / दाल न पकना)
20. ' एक पथ-------' प्रसिद्ध मुहावरा है।(दो काज / दो राज)
21. ' तन पर नहीं लत्ता पान खाए कलकत्ता 'का अर्थ ------ हैं।(झूटा दिखावा/सच कहना )
22. 'धोबी का कुत्ता घर का ना घाट का 'एक -------है।(मुहावरा / लोकोक्ति)
23. ऊंट के मुंह में जीरा मुहावरे का अर्थ------- है।(आवश्यकता से कम वस्तु/आवश्यकता से ज्यादा वस्तु)
24. जैसी करनी वैसी भरनी का अर्थ --------है।(कर्म के अनुसार फल / भाग्य के अनुसार फल)
25. लक्षणा शब्द शक्ति का प्रयोग ------- में होता है।(मुहावरा / लोकोक्ति)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए-**

**1**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | स्वीकार्य निपात शब्द | क नहीं, जी, नहीं |
| ii. | निषेधात्मक निपात शब्द | ख काश ,काश कि |
| iii. | नकारार्थक निपात शब्द | ग क्या ,कब |
| iv. | प्रश्नबोधक निपात शब्द | घ मत |
| v. | विस्मयादिबोधक निपात शब्द | ङ. हां ,जी ,जी हां, |

**2**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | रचना के अनुसार वाक्य के प्रकार | क निषेधवाचकवाक्य |
| ii. | तुम यहां आओ | ख 8 |
| iii. | अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार | ग आज्ञा वाचक |
| iv. | तुम घर मत जाओ | घ वाक्य |
| v. | 'हे राम!क्या-क्या सहना पड़ेगा।'वाक्य है | ङ. 3 |
| vi. | विचार व्यक्त करने वाला शब्द | च मिश्रित वाक्य |
| vii. | राम घर आया और सो गया | छ संयुक्त वाक्य |
| viii. | मेरे पास जो साइकिल है वह टूटी हुई है। | ज विस्मय वाचक |

**3**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | तीन तेरह होना | क मुहावरा |
| ii. | एकमात्र सहारा के लिए मुहावरा | ख अनदेखा करना |
| iii. | आँख मूंद लेने का अर्थ | ग बिखर जाना |
| iv. | आँखों पर पट्टी बांधना | घ अंधे की लाठी |
| v. | लक्ष्यार्थ | ङ. उदासीन हो जाना |

**4**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | संप्रेषण का सशक्त माध्यम | क संवाद |
| ii. | स्पष्टता और प्रवाह | ख छोटा करना |
| iii. | भाव- विस्तार | ग विज्ञापन |
| iv. | दो व्यक्तियों के बीच वार्तालाप | घ संक्षेपण |
| v. | संक्षेपण का सामान्य अर्थ | ङ. पल्लवन |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए**

1. किसी भी विषय से संबंधित ऐसे शब्द जिनका प्रयोग मुख्य रूप से उस विषय की चर्चा के लिए होता है ।
2. तकनीकी शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिंदी पर्याय है?
3. भौतिक विज्ञान में प्रयुक्त 3 तकनीकी शब्द लिखिए।
4. धार्मिक कृत्य एवं कर्मकांड में प्रयुक्त तकनीकी शब्द लिखिए।
5. 5 क्षेत्रीय शब्द लिखिए।
6. तुमने अपने आने की खबर तक नहीं दी। इस वाक्य में निपात शब्द लिखिए।
7. 5 निपात शब्द लिखिए
8. तकनीकी शब्द का दूसरा नाम क्या है?
9. युग्म का अर्थ क्या है?
10. शब्द युग्म के भेद बताइए।
11. पुनरुक्त शब्द युग्म के उदाहरण लिखिए।
12. अनुकरणात्मक शब्द युग्म के उदाहरण दीजिए।
13. जब पहले शब्द के अनुकरण पर दूसरा शब्द गढ़ लिया जाता है तब शब्द युग्म कहलाता है।
14. अनुसरणात्मक शब्द युग्म परिभाषा व उदाहरण दीजिए।
15. भिन्न वर्तनी उच्चारण वाले शब्द युग्म के उदाहरण दीजिए।
16. राम शायद घर पर ही हो ,किस प्रकार का वाक्य है?
17. आज्ञावाचक वाक्य का एक उदाहरण दीजिए।
18. यदि मधु जानती तो जरूर मेरे घर आती, किस प्रकार का वाक्य है?
19. श्याम जा रहा है वाक्य किस प्रकार का है।
20. मिश्रित वाक्य का एक उदाहरण दीजिए।
21. जब कई सरल और मिश्रित वाक्य समूह अवयवों के द्वारा एक ही वाक्य में जुड़े रहते हैं, तब वह वाक्य कहलाता है।
22. वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यतः कितनी दृष्टियों से किया जाता है?
23. 'राम घर पर है'का संदेहवाचक रूप क्या होगा?

24. उल्टी गंगा बहाना का क्या अर्थ है?
25. छोटे-छोटे वाक्यांश क्या कहलाते हैं?
26. 'अंधे की लाठी' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
27. 'गागर में सागर भरना 'का क्या अर्थ है?
28. लोकोक्ति को अन्य किस नाम से जानते हैं?
29. कान देना मुहावरे का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए।
30. आगे नाथ न पीछे पगहा लोकोक्ति का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए।
31. 'चांदी का जूता मारना 'लोकोक्ति का सही अर्थ बताइए।
32. आम के आम गुठलियों के दाम का अर्थ लिखिए।
33. अंधा पीसे कुत्ता खाए का अर्थ बताइए।
34. लोकोक्ति में क्या छुपा होता है?

**सत्य/ असत्य कथन लिखिए।**

1. तोलिया तकनीकी शब्द है।
2. आवृत्ति निपात शब्द है।
3. गुरुत्वाकर्षण तकनीकी शब्द है।
4. वाणिज्य संबंधी शब्द तकनीकी शब्द है।
5. ही, तो, भी, तक आदि निपात शब्द है।
6. वर्षा के आने पर पानी भर जाता है साधारण वाक्य है।
7. शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य नहीं कहते हैं।
8. 'हरि' आया परंतु वह उस पुस्तक को नहीं लाया जो मैंने मंगाई थी'- संयुक्त वाक्य है।
9. निषेधात्मक वाक्य में प्रश्न किया जाना आवश्यक है।
10. अहा !तुम आ गए । आज्ञा वाचक वाक्य है।
11. मुहावरे का प्रयोग भाषा में चमत्कार उत्पन्न करता है।
12. लोकोक्ति को कहावत भी कहते हैं।
13. लोक + उक्ति  से लोकोक्ति शब्द की उत्पत्ति हुई है।
14. लोकोक्ति और मुहावरे समान नहीं है।
15. लोकोक्ति पूर्ण स्वतंत्र होती है जबकि मुहावरा पूर्ण स्वतंत्र नहीं होता है।

16. चिराग तले अंधेरा का अर्थ है चिराग के नीचे अंधेरा
17. अपनी-अपनी ढपली अपना-अपना राग यह एक लोकोक्ति है।
18. काला अक्षर भैंस बराबर का अर्थ साक्षर होना है।
19. अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना का अर्थ है अपने मुंह को मिट्ठू जैसा बनाना।
20. लोहा लेना मुहावरे का अर्थ युद्ध करना है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

1. भाव पल्लवन कीजिए -
   i. सभी को अपने-2 नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है।
   ii. जरा और मृत्यु दोनों ही जगत के प्रमाणित सत्य हैं।
   iii. "आँखों में हो स्वर्ग, लेकिन पांव पृथ्वी पर टिके हो"
   iv. "युग परिवर्तन की आहत पाने वाले युग निर्माता होते हैं।"
2. क्षेत्रीय शब्द किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित लिखिए ।
3. तकनीकी शब्द किसे कहते हैं?
4. न्याय विधि संबंधी पांच तकनीकी शब्द बताइए।
5. निपात की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
6. निम्नलिखित वाक्यों से निपात छाँटकर उन से नए वाक्य बनाइए।
   i यानी चश्मा तो था लेकिन संगमरमर का नहीं था।
   ii किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा।
7. वाक्य किसे कहते हैं? लिखिए ।
8. रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?
9. मिश्रित वाक्य किसे कहते हैं? लिखिए ।
10. संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं? लिखिए ।
11. सरल वाक्य का उदाहरण दीजिए
12. अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार लिखिए ।
13. संकेतवाचक वाक्य का उदाहरण लिखिए ।
14. प्रश्नवाचक वाक्य किसे कहते हैं?
15. बच्चे सुंदर चित्र बना रहे हैं।इसका आज्ञा वाचक रूप क्या होगा?

16. संदेह वाचक वाक्य की परिभाषा और उदाहरण दीजिए।
17. मुहावरा किसे कहते हैं? लिखिए ।
18. लोकोक्ति किसे कहते हैं? लिखिए ।
19. लोकोक्ति और मुहावरे में अंतर लिखिए ।
20. राष्ट्रभाषा किसे कहते हैं? लिखिए ।
21. राष्ट्रभाषा की विशेषताएँ लिखिए।
22. राजभाषा किसे कहते हैं? किन्हीं दो राज्य की राजभाषा लिखिए।
23. राजभाषा भाषा की विशेषताएँ लिखिए।
24. राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर लिखिए ।
25. निम्नांकित सूक्तियों का भाव पल्लवन कीजिए-

i "आंखों में हो स्वर्ग ,लेकिन पांव पृथ्वी पर टिके हो"

ii "युग परिवर्तन की आहट पाने वाले युग निर्माता होते हैं"

26. निम्नलिखित कथन का सार संक्षेपण में लिखिए।

" जिस व्यक्ति को अपने देश की भाषा का ज्ञान नहीं है, अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं का परिचय नहीं, अपने देश की कला के प्रति आदर नहीं है और जो अपनी धार्मिक,आध्यात्मिक, निधि से गौरवान्वित नहीं है,वह निश्चित तौर पर नर नहीं, नर पशु है"।

27. कंप्यूटर शिक्षकों की आवश्यकता हेतु एक विज्ञापन बनाइए।

28. स्वास्थ्य लाभ कर रहे रोगी और उनके डॉक्टर के बीच संवाद लिखिए।

29. विलंब से कक्षा में पहुंचने पर शिक्षक -छात्र -संवाद लिखिए।

# इकाई - 5
# वितान भाग-2

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. 'सिल्वर वैंडिंग' पाठ के लेखक हैं -

   (अ) मनोहर वर्मा (ब) मनोहर श्याम जोशी

   (स) श्याम मनोहर जोशी (द) फणीश्वर नाथ रेणु

2. यशोधर बाबू अपना आदर्श मानते थे -

   (अ) अपने साले को (ब) अपनी पत्नी को (स) भूषण को (द) किशनदा को

3. यशोधर बाबू मूलतः रहने वाले थे -

   (अ) दिल्ली के (ब) आगरा के (स) कुमाऊं के (द) आगरा के

4. यशोधर बाबू सर्वप्रथम किस पद पर नियुक्त हुए?

   (अ) बॉय सर्विस (ब) क्लर्क (स) सहायक क्लर्क (द) सेक्शन ऑफिसर

5. यशोधर का पूरा नाम है -

   (अ) यशोधर बाबू (ब) ए. डी. पंत (स) वाई. डी. पंत (द) ओ. डी. पंत

6. लेखक ने यशोधर बाबू को किशन दा का कौन सा पुत्र कहा है ?

   (अ) मानस पुत्र (ब) दत्तक पुत्र (स) नाजायज पुत्र (द) पुत्र

7. यशोधर बाबू किस तरह के जीवन के पक्षधर थे ?

(अ) बनावटी (ब) धार्मिक (स) मौज-मस्ती (द) सादगी पूर्ण

8. यशोधर बाबू के विवाह की वर्षगांठ थी-

(अ) 20 वीं (ब) 25 वीं (स) 30 वीं (द) 40 वीं

9. यशोधर बाबू अपनी पत्नी तथा बच्चों से चाहते थे -

(अ) पैसा (ब) सम्मान (स) परंपराओं का पालन (द) मुक्ति

10. मराठी भाषा में लिखी 'जूझ' कहानी का हिंदी अनुवाद किया-

(अ) श्याम मनोहर जोशी ने (ब) ओम थानवी ने

(स) केशव प्रथम वीर ने (द) ऐन फ्रेंक ने

11. आनंद के मराठी अध्यापक का नाम था -

(अ) रणनवरे (ब) वामन पंडित (स) न.व. सौंदलगेकर (द) दत्ताजी राव

12. कहानी का शीर्षक 'जूझ' का अर्थ है -

(अ) संघर्ष (ब) चालाकी (स) मेहनत (द) कठिनाई

13. 'जूझ' रचना किस भाषा में लिखी गई है?

(अ) मराठी (ब) गुजराती (स) ब्रज (द) अवधी

14. लेखक पढ़ना क्यों चाहता है?

(अ) ज्ञान के लिए (ब) नौकरी के लिए (स) विद्वान बनने के लिए(द) कवि बनने के लिए

15. 'जूझ' कहानी से लेखक की किस प्रवृत्ति का उद्घाटन हुआ?

(अ) पढ़ने की प्रवृत्ति का (ब) कविता करने की प्रवृत्ति का

(स) लेखन प्रवृत्ति का (द) संघर्षमयी प्रवृत्ति का

16. 'अतीत में दबे पांव' पाठ के आधार पर कोठार किसके काम आता होगा?

(अ) सुरक्षा के लिए (ब) धन जमा करने के लिए

(स) आनाज जमा करने के लिए (द) पानी जमा करने के लिए

17. मुअनजो-दड़ो हड़प्पा से प्राप्त नर्तकी की मूर्ति किस संग्रहालय में रखी गई है?

(अ) इस्लामाबाद संग्रहालय में (ब) लाहौर संग्रहालय में

(स) दिल्ली संग्रहालय में (द) लंदन संग्रहालय में

18. मुअनजो-दड़ो के घरों में टहलते हुए लेखक ओम थानवी को याद आई -

(अ) कुलधरा गाँव की (ब) नागौर गाँव की (स) भीनासार गाँव की(द) धौलपुर गाँव की

19. सिंधु सभ्यता की क्या विशेषता है ?

(अ) सौंदर्य बोध (ब) संस्कृति बोध (स) सभ्यता बोध (द) नागर बोध

20. मुअनजो-दड़ो अपने समय में किसका केन्द्र रहा होगा?

(अ) सभ्यता का (ब) राजनीति का (स) व्यापार का (द) धर्म का

21. सिंधु सभ्यता के सौंदर्य बोध को क्या नाम दिया है ?

(अ) राज पोषित (ब) समाज पोषित (स) धर्म पोषित (द) व्यापार पोषित

22. सिंधु घाटी सभ्यता में कपास उगाए जाते थे। इसका क्या प्रमाण है?

(अ) कपास के बीज (ब) ऊन (स) सूती कपड़ा (द) गर्म कपड़ा

23. लेखक के अनुसार मुअनजो-दड़ो का नगर कितने हजार साल पूर्व का है?

(अ) 1000 साल (ब) 2000 साल (स) 3000 साल (द) 5000 साल

24. रखालदास बनर्जी मुअनजो-दड़ो पर किस वर्ष आए थे ?

(अ) सन् 1922 में (ब) सन् 1923 में (स) सन् 1924 में (द) सन् 1925 में

रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-

1. आप लोगों की देखा-देखी सेक्शन की घड़ी भी .............हो गई है।(सुस्त/गतिशील)
2. 'सिल्वर वैंडिंग' के कथानायक.......... को अपना आदर्श मानते थे।(किशनदा/गिरीश)
3. मनोहर श्याम जोशी का जन्म ............... में हुआ। (9 अगस्त, सन् 1933 को राजस्थान के अजमेर/15 अगस्त, सन् 1940 को राजस्थान के अजमेर)
4. किशन दा ने यशोधर बाबू को ................उधार भी दिए।(सौ रुपए/पचास रुपए)
5. 'सिल्वर बैंडिंग' में भूषण ने अपने पिता को उपहार में............ दिया। (ऊनी ड्रेसिंग गाउन/ ऊनी स्वेटर)
6. 'सिल्वर बैंडिंग' कहानी में प्रमुख पात्र यशोधर पंत (वाई.डी.पंत) की शादी के............ का वर्णन है।(पच्चीसवीं सालगिरह/ पैंतालीसवीं सालगिरह)
7. यशोधर बाबू ने दफ्तर से लौटते हुए रोज............ जाने की रीति अपनाई। (बिड़ला मंदिर/सांई मंदिर)
8. यशोधर बाबू मूल रूप से.............. के रहने वाले थे। (गोरखपुर/ कुमाऊं)
9. दिनमान सप्ताहिक हिंदुस्तान पत्रिका के संपादक जोशी जी का निधन............ को हृदय गति रुक जाने से हुआ। (30 मार्च, सन् 2006/ 15 मार्च, सन 2008)
10. यशोधर बाबू का तीसरा बेटा स्कॉलरशिप लेकर........... चला गया। (अमेरिका/इंग्लैंड)

11. लेखक आनंद यादव की मां धूप में........... थाप रही थी।(कंडे/ईंट)
12. सौंदलगेकर ...............भाषा के शिक्षक थे। (अंग्रेजी/ मराठी)
13. आनंद यादव का पूरा नाम............ था। (आनंद रतन यादव/अजय रघु यादव)
14. 'जूझ' कहानी लड़ते-जूझते किसान मजदूरों के................की झांकी है।(संघर्ष /मिलाप)
15. 'जूझ' कहानी में लेखक के घर कोल्हू............ के बाद शुरू होता था।(दशहरे/ दिवाली)
16. देसाई के बाड़े का बुलावा दादा के लिए............ की बात थी।(सम्मान/अपमान)
17. 'जूझ' कहानी में लेखक अध्यापक............. की प्रेरणा से कवि बन गए। (सौंदलगेकर/आनंद कुमार यादव)
18. 'जूझ' .........गद्य की विधा के अंतर्गत आती है। (कहानी/ जीवनी)
19. मंत्री मास्टर............ पढ़ाते थे। (गणित/मराठी)
20. शर्त के अनुसार पाठशाला जाने से पहले आनंदा को सवेरे..... तक खेत में काम करना होता था। (11 बजे/12 बजे)
21. कहानी 'जूझ' एक ..... ........की झांकी है। (एक ग्रामीण किसान की शिक्षा प्राप्ति के लिए लालायित पुत्र के संघर्ष/ एक शिक्षक के शिक्षा प्राप्ति के लिए लालायित पुत्र के संघर्ष)
22. आनंदा के कक्षा अध्यापक का नाम .............था। (मंत्री/ वी पंत)
23. मुअनजो-दड़ो में पच्चीस फुट ऊंचे चबूतरे पर........... है।(एक बौद्ध स्तूप/ एक मंदिर)
24. मुअनजो-दड़ो में लगभग............ कुंए थे।(सात सौ/सात हजार)
25. ओम थानवी ने राजस्थान के जयपुर से निकलने वाले पत्रिका समूह के साप्ताहिक पत्र........... से अपने पत्रकार जीवन की शुरुआत की। (इतवारी/ मंगलवारी)
26. मुअनजो-दड़ो के वास्तुकला की तुलना .............. नगर के साथ की गई है। (चंडीगढ़/ बीकानेर)

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए :**

**1**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | आनंद यादव | क बड़ा बौद्ध स्तूप |
| ii. | किशनदा | ख जूझ |
| iii. | मंत्री नामक मास्टर | घ कुंवारे |
| iv. | सबसे ऊंचा चबूतरा | ड. कक्षा अध्यापक |

**2**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| i. | सिल्वर वैंडिंग | क मराठी साहित्यकार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ii. | जूझ | ख | यात्रा वृतांत |
| iii. | अतीत में दबे पांव | ग | लंबी कहानी |
| IV | डॉ. आनंद यादव` | ड. | उपन्यास के अंश |

**3**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| i. | मनोहर श्याम जोशी | क | बैठने लगा |
| ii. | पुरानी दीवार घड़ी | ख | और हड़प्पा |
| iii. | पांचवी में | ग | सिल्वर वैंडिंग |
| iv. | मुअनजो-दड़ो | घ | 5 बजकर पच्चीस मिनट |

**4**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| i. | ओम थानवी | क | शरीर से दुबला-पतला |
| ii. | मिलकर लाओ | ख | खेतिहर और पशुपालक |
| iii. | वसंत पाटिल | ग | पकाओ-खाओ |
| iv. | सिंधु घाटी सभ्यता | घ | अतीत में दबे पांव |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1. किशनदा का वास्तविक नाम क्या था?
2. यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा किस स्कूल से पास की थी?
3. रोजी-रोटी की तलाश में आए यशोधर पंत को किसने शरण दी?
4. यशोधर बाबू अपनी पत्नी तथा बच्चों से क्या चाहते थे?
5. किशन दा यशोधर को क्या कहकर बुलाते थे?
6. 'जूझ' उपन्यास के हिंदी अनुवादक का नाम लिखिए।
7. आनंद यादव का मन किस बात के लिए तड़पता था?
8. लेखक आनंद यादव और उसकी मां किसके पास गए?
9. पाठशाला जाने की बात लेखक ने सबसे पहले किससे की?
10. मंत्री मास्टर लेखक को क्या कहकर पुकारने लगे?

11. 'जूझ' कहानी मुख्यत: लेखक की किस प्रवृत्ति को उजागर करती है?
12. ईख से गुड़ ज्यादा निकले इसलिए गांव के अन्य किसान क्या करते थे?
13. कागज और पेंसिल न होने पर लेखक कविता कैसे लिखते थे?
14. सिंधु सभ्यता की ईंटों की बनावट का अनुपात क्या था?
15. सिंधु सभ्यता की खुदाई से प्राप्त गेहूं का रंग कैसा है?
16. सिंधु सभ्यता की खुदाई में प्राप्त नर्तकी की मूर्ति अब किस संग्रहालय में है?
17. मुअनजो-दड़ो के वास्तुकला की तुलना किस नगर से की गई है?
18. सिंधु घाटी की सभ्यता में कौन से फल उगाए जाते थे?
19. मुअनजो-दड़ो नगर कितने हजार साल पुराना है?
20. मुअनजो-दड़ो से प्राप्त महाकुंड की लंबाई, चौड़ाई व गहराई कितनी है?
21. मुअनजो-दड़ो की गलियों तथा घरों को देखकर लेखक को किस प्रदेश का ख्याल आया?
22. अजायबघर में तैनात व्यक्ति का क्या नाम था?

**सत्य/ असत्य लिखिए -**

1. यह घड़ी मुझे शादी में मिली थी। हम पुरानी चाल के हमारी घड़ी पुरानी चाल की। अरे यही बहुत है कि अब तक राइट टाइम चल रही।
2. लेखक मनोहर जोशी ने यशोधर बाबू को किशनदा का मानस पुत्र कहा है।
3. 'सिल्वर वैंडिंग' यह उत्सव विवाह के 25 वर्ष होने पर मनाया जाता है।
4. यशोधर बाबू को बेटे भूषण की 'शब्जी लेने जाया करें' वाली बात चुभ गई।
5. यशोधर बाबू की शादी 6 फरवरी 1957 को हुई थी।
6. यशोधर बाबू की पत्नी अक्सर बच्चों का ही साथ देती थी।
7. यशोधर बाबू गोल मार्केट से सेकेट्रिएट तक स्कूटर से आते जाते थे।
8. श्री मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
9. यशोधर बाबू जीवन में मौज मस्ती के पक्षधर थे।
10. यशोधर बाबू ने पाजामा कुर्ते पर ऊनी ड्रेसिंग गाउन पहना।
11. मनोहर श्याम जोशी ने हम लोग, बुनियाद, मुंगेरीलाल के हसीन सपने, हमराही एवं जमीन-आसमान जैसे धारावाहिक लिखे।
12. 'जूझ' कहानी गोदान उपन्यास का अंश है।

13. मंत्री नामक मास्टर प्राय: छड़ी का प्रयोग नहीं करते थे।
14. लेखक आनंद यादव ने कक्षा पांचवी में दाखिला लिया।
15. सौंदलगेकर मास्टर कविता बहुत ही अच्छे ढंग से पढ़ाते थे।
16. लेखक ने पढ़ाई के लिए सबसे पहले अपनी मां से बात की।
17. कविताओं के साथ खेलते हुए लेखक आनंद को दो बड़ी शक्तियां प्राप्त हुईं।
18. लेखक के पिता का नाम रत्नाप्पा था।
19. कवि भी अपने जैसा ही एक हाड-मांस का, क्रोध- लोभ का एक मनुष्य ही होता है।
20. मुअनजो-दड़ो की गलियों तथा घरों को देखकर लेखक को राजस्थान का ख्याल आया।
21. सिंधु घाटी की सभ्यता मुख्यत: खेतिहर और पशुपालक सभ्यता थी।
22. सिंधु घाटी सभ्यता में संतरे और अमरूद फल उगाए जाते थे।
23. सिंधु घाटी सभ्यता में पत्थर और तांबे का प्रयोग नहीं होता था।
24. मिश्र और सुमेर में चकमक और लकड़ी के उपकरण इस्तेमाल होते थे।
25. मुअनजो-दड़ो में सूत की कताई- बुनाई के साथ रंगाई का कार्य भी होता था।
26. सिंधु सभ्यता में मुख्य सड़क के दोनों ओर खुली हुई नालियां समानांतर दिखाई देती हैं।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

1. सिल्वर वैंडिग का आयोजन क्यों हुआ था?
2. सिल्वर बैंडिंग कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि आपके जीवन को दिशा देने में किसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है?
3. जब सब्जी लेकर यशोधर बाबू घर पहुंचे तो उनकी दशा कैसी थी?
4. यशोधर बाबू किससे जुड़े थे और क्यों?
5. यशोधर बाबू की पत्नी अपने बच्चों का साथ क्यों देती है?
6. अपने आसपास के सुविधाजनक और आधुनिक साधनों के बारे में लिखिए, इन साधनों को बुजुर्ग क्यों पसंद नहीं करते हैं?
7. यशोधर बाबू ने किशनदा से जिन जीवन मूल्यों को पाया था वह आपके लिए भी कैसे उपयोगी हो सकते हैं?
8. यशोधर बाबू के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।
9. फ्रिज के संबंध में यशोधर बाबू के क्या विचार हैं?

10. सौंदलगेकर के अध्यापन की दो विशेषताएँ लिखिए, जिन्होंने लेखक के मन में कविता के प्रति रुचि जगाई।
11. कविता लिखने के बाद लेखक किसे अपनी कविता सुनाते थे?
12. 'जूझ' कहानी के प्रमुख पात्र की दो विशेषताएँ लिखिए।
13. 'जूझ' कहानी के लेखक के जीवन संघर्ष के उन बिंदुओं पर प्रकाश डालिए जो आपके लिए प्रेरणादायी हैं।
14. 'जूझ' शीर्षक के औचित्य पर प्रकाश डालिए।
15. क्या आपने कभी कविताएँ लिखी हैं? यदि हाँ तो इसकी प्रेरणा आपको किससे मिली?
16. 'जूझ' कहानी के आधार पर आपको कौन-कौन से जीवन मूल्य ग्रहण करने की प्रेरणा मिलती है?
17. मुअनजो-दड़ो की गलियों तथा घरों को देखकर लेखक को किस प्रदेश की याद आई और क्यों?
18. यह कैसे कहा जा सकता है कि मुअनजो-दड़ो शहर ताम्रकाल के शहरों में सबसे बड़ा और उत्कृष्ट था?
19. मुअनजो-दड़ो की सभ्यता को 'लो प्रोफाइल' सभ्यता क्यों कहा गया है?
20. पुरातत्ववेत्ताओं ने किस भवन को 'कॉलेज आफ प्रीस्ट्स' कहा है?
21. क्या प्राचीन काल में रंगाई का कार्य होता था? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
22. किन आधारों पर कहा जा सकता है कि सिंधु सभ्यता में राजतंत्र नहीं था?
23. 'अतीत में दबे पांव' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

---------xxxxxxxx------------

# इकाई - 6
# अभिव्यक्ति और माध्यम

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. टी. वी. पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्वपूर्ण है-
   अ. विजुअल　　ब. बाईट　　स. नेट　　द. उपर्युक्त सभी
2. रेडियो समाचार की भाषा ऐसी हो-
   अ. जिसमें सामासिक और तत्सम शब्दों की बहुलता हो।
   ब. जिसमें आम बोलचाल के शब्दों का प्रयोग हो।
   स. जो समाचार वाचक आसानी से पढ़ सके।
   द. जिसमें कठिन शब्द हों।
3. वर्तमान छापाखाना का अविष्कार हुआ-
   अ. भारत　　ब. चीन　　स. जर्मनी　　द. अमेरिका
4. रेडियो माध्यम है-
   अ. द्रश्य　　ब. श्रव्य　　स. द्रश्य और श्रव्य　　द. इनमें से कोई नहीं
5. भारत में पहला छापाखाना खुला-
   अ.1500 में　　ब.1556 में　　स. 1580 में　　द. 1599 में
6. पत्रकार के प्रकार होते हैं-
   अ. तीन　　ब. पांच　　स. सात　　द. नौ
7. इनमें से पत्रकार का प्रकार नहीं है-
   अ. पूर्णकालिक　　ब. अंशकालिक　　स. फ्री लांसर　　द. संवाददाता
8. समाचार लेखन की शैली है-

अ. सीधी पिरामिड शैली    ब. आढ़ी पिरामिड शैली

स. तिरछी पिरामिड शैली    द. उल्टी पिरामिड शैली

9. संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन कहलाता है-

अ. लाईव    ब. बाईट    स. बीट    द. रिपोर्टिंग

10. विशेष लेखन की सूचनाओं के निम्न में से है-

अ. साक्षात्कार    ब. मंत्रालय के सूत्र    स. प्रेस कांफ्रेस    द. उपर्युक्त सभी

11.रेडियो नाटक के लिए कहानी का चुनाव किन बातों पर निर्भर करता है?

अ.कहानी घटना प्रधान न हो    ब.कहानी की अवधि ज्यादा न हो।

स.पात्रों की संख्या सीमित न हो   स .उपर्युक्त सभी

12.रेडियो नाटक में निम्न में से क्या अनिवार्य है?

अ.अभिनय    ब.दृश्य    स.संवाद    द.इनमें से कोई नहीं

**रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए-**

1. भारत में पहला छापाखाना..............में खुला। (मुंबई/गोवा)
2. मुद्रण की शुरुआत..............में हुई। (चीन/जर्मनी)
3. वर्तमान छापाखाना की शुरुआत..............में हुई। (गुटेनवर्ग/न्यूयॉर्क)
4. उल्टा पिरामिड शैली को..............हिस्सों में बाँटा जाता है। (तीन/पांच)
5. समाचार लेखन के..............प्रकार हैं। (छ्ह/दस)
6. समाचार लेखन..............पिरामिड शैली है। (उल्टा/सीधा)
7. 'संपादक के नाम पत्र' स्तंभ..............को प्रतिबिंबित करता है। (जनमत/तानाशाही)
8. एक सफल साक्षात्कारकर्ता में..............होना चाहिए। (पर्याप्त ज्ञान/सुंदरता)
9. स्तंभ लेखन..............लेखन का प्रमुख रूप है। (विचारपरक/सकारात्मक)
10. संपादकीय को..............की आवाज माना जाता है। (आम जनता/ अखबार)
11. ........... कविता की अनजानी दुनियाँ का उपकरण है।
12. कहानी का केन्द्रीय बिन्दु ........... होता है ।

**सही जोड़ी बनाकर लिखिए -**

1

| | अ | ब |
|---|---|---|
| | i इंटरनेट की शुरूआत | क) 1993 |
| i. | ii भारत में इंटरनेट | ख) 1983- 2002 |
| ii. | iii पत्रकारिता का पहला दौर | ग) इनडेफ्ट रिपोर्ट |
| iii. | iv मुद्रित माध्यम की विशेषता | घ) शब्दों का स्थायित्व |
| iv. | v विशेष रिपोर्ट का प्रकार | ङ.) बैकग्राउंडर |

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए -**

1. रेडियो के समाचार की कौन सी संरचना शैली होती है?
2. एच टी एम एल का फुल फार्म क्या है?
3. मुद्रित माध्यम की प्रमुख विशेषता क्या है?
4. डेड लाइन किसे कहते हैं?
5. उल्टा पिरामिड शैली के कौन कौन से हिस्से हैं?
6. लाइव क्या है?
7. समाचार लेखन के कितने प्रकार हैं?
8. पत्रकारों के तीन प्रकारों के नाम लिखिए।
9. कौन सा स्तंभ जनमत को प्रतिबिंबित करता है?
10. बीट क्या है? लिखिए |
11. कविता के संबंध में ' प्ले विद द वर्ड 'किसने कहा ?
12. कविता के लिए चित्रभाषा पर किसने जोर दिया ?

**सत्य/असत्य कथन लिखिए** –

1. इंटरनेट अंतरक्रियात्मकता और सूचनाओं का विशाल भंडार है।
2. भारत में छापाखाना की शुरुआत मिशनरियों की पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए खोला गया।
3. मुद्रित भाषा की विशेषता अलिखित भाषा का विस्तार है।
4. मौखिक भाषा अनुशासन की मांग करती है।
5. रेडियो मूलतः एकरेखीय माध्यम है।
6. उल्टा पिरामिड शैली को तीन भागों में बाँटा गया है।
7. रेडियो और टी वी की भाषा में कठिन शब्दों की बहुलता होती है।
8. भारत में कंप्यूटर शिक्षा बढ़ रही है।
9. BBC, CNN और वाशिंगटन पोस्ट विश्व के प्रमुख शहरों के नाम हैं।
10. पत्रकारों के पांच प्रकार होते हैं।
11. पत्रकारीय लेखन की भाषा सरल होती है।
12. समाचार लेखन के सात प्रकार होते हैं।
13. नाटक की मूल विशेषता समय का बंधन है ।
14. नाटक के आंदोलनो के विकास में रेडियो नाटक की कोई भूमिका नहीं रही है ।

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

1. समाचार के लेखन और प्रस्तुति में क्या अंतर है?
2. जनसंचार माध्यम की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

3. जनसंचार माध्यम के प्रमुख दोष लिखिए।
4. जनसंचार माध्यम के प्रमुख प्रकार लिखिए।
5. प्रिंट माध्यम क्या है?
6. प्रिंट माध्यम की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
7. प्रिंट माध्यम की प्रमुख सीमाएं लिखिए।
8. डेड लाइन किसे कहते हैं?
9. रेडियो की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
10. रेडियो के प्रमुख दोष अथवा सीमाएं लिखिए।
11. उल्टा पिरामिड शैली क्या है?
12. रेडियो के समाचार लेखन की बुनियादी बातें लिखिए।
13. टेलीविजन की खबरों के विभिन्न चरणों के नाम लिखिए।
14. फ्लैश या ब्रेकिंग न्यूज क्या है?
15. एंकर बाईट क्या है? लिखिए |
16. लाइव के बारे में लिखिए।
17. रेडियो और टीवी की भाषा में कौन कौन सी सावधानी रखनी चाहिए?
18. इंटरनेट की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
19. इंटरनेट की प्रमुख सीमाएं अथवा दोष लिखिए।
20. इंटरनेट पत्रकारिता क्या है?
21. एक अच्छे लेखन के लिए ध्यान देने योग्य कौन कौन सी बातें हैं?
22. पत्रकारीय लेखन क्या है?
23. पत्रकारीय लेखन की भाषा कैसी होनी चाहिए?
24. समाचार लेखन के छह ककार कौन कौन से हैं?
25. फीचर कैसे लिखें?
26. विशेष रिपोर्ट कैसे लिखें?
27. संपादकीय लेखन क्या है?
28. स्तंभ लेखन क्या है?
29. संपादक के नाम पत्र क्या है? समझाईए।
30. एक सफल साक्षात्कार कर्ता के कौन कौन से गुण होते हैं?
31. विशेष लेखन क्या है?
32. बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में क्या अंतर है?
33. विशेष लेखन के प्रमुख क्षेत्र कौन कौन से हैं?
34. विशेष लेखन की सूचनाओं के क्षेत्र कौन कौन से हैं?

# इकाई - 7
# अपठित बोध

(1) देवी अथवा प्रातः स्मरणीय जैसे अलंकार अहिल्याबाई को छोड़कर इतिहास के अन्य शासक के नाम के साथ नहीं लगाए गए। मालवा की होलकर रियासत में मालवाधिपति देवी श्री अहिल्याबाई होलकर जैसी एकमात्र सामंत हुई जो सामान्य परिवार में हुई मगर देश की महत्वपूर्ण रियासत की स्वामिनी बनने का जिन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ।बावजूद इसके वे आखिर तक सामान्य ही बनी रहीं। होलकर राजवंश के आरंभिक वर्षों में होलकर की गद्दी पर बैठकर होलकर राज्य के शासन सूत्र को अत्यंत कुशलता क्षमता निस्पृहता और हर्ष भाव से चलाने वाली देवी अहिल्याबाई होल्कर का स्थान भारत के शासकों में अद्वितीय रहा है । उन्होंने जिस उदार भूमिका से शासन सूत्र संभाला और धीरता वीरता साहस और पटुता के साथ उस समय के राजनीतिक सामाजिक और युद्ध क्षेत्रों पर अद्वितीय तरीके से शासन किया वह भारत के इतिहास में पवित्र धरोहर के रूप में स्थापित है। आज भी पुण्य श्लोका लोकमाता देवी श्री अहिल्याबाई होलकर के धर्ममय और लोक सेवा परायण जीवन तथा कार्यों की पुण्य स्मृति हमें अभिभूत और प्रेरित करती रहती है।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. देवी अहिल्याबाई का शासन इतिहास की धरोहर क्यों कहा गया है?

3. 'निस्पृहता' का समानार्थी लिखिए।

4. 'धैर्य' का विशेषण रूप लिखिए।

(2) समय का पर्याय काल तीन भागों में  बांटा गया है भूत, वर्तमान एवं भविष्य काल ।आज अर्थात वर्तमान जो है वह आने वाले समय के लिए भूत की संज्ञा प्राप्त करता है और जो भविष्य के नाम से जाना जा रहा है और वह अपने आने वाले कल के लिए वर्तमान का रूप ले लेगा ।समय या वक्त को पकड़ा या रोका नहीं जा सकता है।  मानव को निर्धारित समय पर अपना काम कर लेना चाहिए वरना वक्त बीत जाने के बाद सिर्फ पछतावा करने के अलावा हाथ में कुछ नहीं रहता।यह  विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है प्रत्येक सत्र में एक निश्चित कक्षा की परीक्षाएं निर्धारित होती है उस परीक्षा में  प्रवेश करने की तैयारी पहले से आरंभ कर लेनी चाहिए और उस परीक्षा को निर्धारित समय पर देना चाहिए। यदि विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित हो जाए तो वह अगली कक्षा में प्रवेश नहीं कर पाएगा और अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत की कहावत चरितार्थ हो जाएगी ।जीवन में अच्छे अवसर बार-बार नहीं आते हैं ।अवसर को हाथ से जाने नहीं देना ही बुद्धिमानी है और यह समय की पाबंदी से ही संभव है। मानव मात्र को वक्त से पहले ही अपने लक्ष्य या कर्म को योजना बनाकर संपन्न कर लेना चाहिए।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

2. गद्यांश में प्रयुक्त कहावत लिखिए।

3. गद्यांश के अनुसार बुद्धिमानी क्या है?

4. गद्यांश में प्रयुक्त एक शब्द युग्म  लिखिए।

(3) वर्तमान दौर में किसी भी आयु वर्ग को असफलता सहज स्वीकार्य नहीं होती,किंतु यह स्थिति किशोरावस्था और युवावस्था में बेहद संवेदनशील होती है जब किसी युवा को लगता है कि वह अपने अभिभावकों के स्वप्न को साकार नहीं कर पाएगा तो वह नकारात्मक सोच में डूब जाता है ।इस तरह की परिस्थिति उसे कहीं न कहीं कोई नकारात्मक कदम उठाने के लिए विवश करती है।ये सच है कि युवावस्था उम्र का संक्रमण काल है।इस समय उन्हे  कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है खासतौर से

करियर ,जॉब ,रिश्ते, व्यक्तिगत समस्याएँ आदि। हर युवा को चाहिए कि यदि उसकी जिंदगी में किसी प्रकार की परेशानी है जो बेचैन करती है तो उसे अपने दोस्तों, परिवार वालों के साथ शेयर करें । यदि समस्या है तो समाधान भी है। कभी कोई घातक कदम उठाने की कोशिश न करें।याद रखिए कि हमारी जिंदगी सिर्फ हमारी नहीं है उसके साथ कई लोगों की उम्मीदें और भावनाएं जुड़ी हुई हैं। कठिनाई का सामना करके उसे हल किया जाता है। पलायन किसी समस्या का समाधान नहीं है।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. युवाओं पर सामान्य तौर से क्या दबाव होता है।
3. 'रक्षक' शब्द का विलोम गद्यांश से लिखिए।
4. पलायन का समानार्थी लिखिए।

(4) भारत की भौगोलिक संरचना के कारण यहां की जलवायु में विविधता देखने को मिलती है।भारत जो तीन ओर पूर्व पश्चिम व दक्षिण में क्रमशः बंगाल की खाड़ी, अरब सागर और हिंद महासागर से घिरा है वही उत्तर में हिमालय की बर्फीली पर्वत चोटियाँ मस्तक उठाए हैं फलस्वरुप कहीं अधिक ग्रीष्म तो कहीं अधिक शीत तो कहीं अधिक वर्षा ऋतु होती है ।जलवायु की विविधता के कारण यहां के लोगों की जीवनशैली, भाषा भी प्रभावित होती है। प्रत्येक राज्य की अपनी अलग भाषा मराठी, गुजराती, तमिल ,कन्नड़ आदि है। उनकी संस्कृति भिन्न है । प्रारंभ में विदेशी आक्रमणों के कारण यहाँ अनेक धर्म सनातन धर्म के अतिरिक्त इस्लाम, यहूदी ,जैन पारसी, बौद्ध आदि हैं। इन विविधताओं के बावजूद भारत में राष्ट्रीय एकता प्रत्येक राज्य में दृष्टिगोचर होती है । भारत भूमि को माता की संज्ञा दी गई है । कहा भी गया है कि जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है। भारत के प्रत्येक राज्य विभिन्न विविधताओं के कारण उत्पन्न समस्याओं में मदद के लिए परस्पर तैयार तैयार रहते हैं। सभी धर्म भाषा व जाति के लोग एक दूसरे का सम्मान करते हैं और राष्ट्र की रक्षा- सुरक्षा के लिए एकजुट होकर आगे आते हैं।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. जलवायु विविधता का क्या परिणाम होता है?
3. सनातन का समानार्थी लिखिए।

(5) भारतीय संस्कृति में पर्व का अत्यधिक महत्व है। पर्व किसी संस्कृति के वह अंग है जिनके बिना वह संस्कृति अधूरी रह जाती है । पर्व हमें ऐसा अवकाश प्रदान करते हैं कि हम अपने जीवन के विषय में अच्छा सोच सकते हैं ।जिंदगी की भाग दौड़ के बीच ये हमें ऐसे पल प्रदान करते हैं जब हम अपने विषय में कुछ अच्छा सोच सकते हैं। जीवन प्रवाह को सही दिशा देने वाले पर्व ही होते हैं । जीवन व्यवहार की समस्त कटुताएँ भी पर्व के द्वारा ही समाप्त हो जातीं हैं।ये जीवन में ऊर्जा प्रदीप्त करते हैं रिश्तो में मधुर रस घोलते हैं प्रेम सद्भावना जीवन में नियोजित करते हैं तथा ज्ञान, आचरण, विश्वास को परिमार्जित करने का प्रयास करते हैं अतः सभी धार्मिक राष्ट्रीय पर्वों को उल्लास के साथ मर्यादा में रहकर मनाना चाहिए।यह सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हमारे आनंद के कारण किसी और को किसी भी तरह की तकलीफ न पहुँचे। अपने आनंद में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करना अपने आनंद को बांटना ही किसी भी पर्व का असली उद्देश्य होना चाहिए।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. पर्व का असली उद्देश्य क्या है? लिखिए।

3 .'परिमार्जित' का समानार्थी लिखिए।

(6) स्वच्छता हमारी दिनचर्या का महत्वपूर्ण अंग है स्वच्छ शरीर में स्वच्छ आत्मा का निवास होता है ।स्वच्छता का संबंध स्वस्थ रहने से भी है। हमारा नारा है- स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत। स्वच्छता घर की ही नहीं वरन आसपास के परिवेश की भी आवश्यक होती है। अक्सर हम अपना घर तो साफ रखते हैं पर बाहरी परिवेश की गंदगी के लिए सारा दोष सरकार पर लगाते हैं। जबकि वह गंदगी भी हमारे द्वारा फैलाई गई होती है ।अतः स्वच्छता अभियान के जरिए साफ सुथरा माहौल बनाना ही इस अभियान का मूल मकसद है ।स्वच्छता अभियान भारत सरकार द्वारा वृहद पैमाने पर चलाया जा रहा है दूरदर्शन आकाशवाणी के द्वारा इसका प्रचार किया जा रहा है। अभियान का क्रियान्वयन एक चुनौती है परंतु यदि हमारा जनमानस और छात्र भी एकजुट होकर इस अभियान में जुट जाए तो इस अभियान को कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता।

**प्रश्न**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. स्वच्छता अभियान की कामयाबी के लिए क्या आवश्यक है?
3. 'लघु' का विलोम गद्यांश में से लिखिए।

(7) अभी कुछ समय पहले ही संयुक्त परिवार हमारी संस्कृति की विशेषता हुआ करता था। संयुक्त परिवार को परिभाषित करते हुए हम कह सकते हैं कि जिसमें एक ही घर में एक साथ कई पीढ़ियों के लोग रहते हैं। जिस परिवार में तीन या अधिक पीढ़ियों के सदस्य साथ-साथ निवास करते हैं जिनकी रसोई ,पूजा एवं संपत्ति सामूहिक होती है ।संयुक्त परिवार को यदि आज की आवश्यकता कहा जाए तो गलत न होगा। ऐसे परिवार में मिलजुल कर रहने की भावना की प्रधानता होती है इसमें सभी लोग एक दूसरे का सहारा बनते हैं ।लेकिन आधुनिक समय में ऐसे परिवार का चलन कम हो गया है जिससे कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। इस पूरे संदर्भ में एक बात बहुत अच्छी है कि युवा पीढ़ी का ध्यान इसके समाधान की ओर गया है। उसे लगता है कि संयुक्त परिवारों का टूटना अच्छे संस्कारों पर ग्रहण लगने के समान है। अतः इस परंपरा को पुनर्जीवित करना जरूरी है ताकि समस्याओं का समाधान हो सके उन्हें अकेलेपन से मुक्ति मिल सके तथा बच्चों को स्वस्थ और आनंदमयी वातावरण मिल सके।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. आधुनिक युवा पीढ़ी कीअब संयुक्त परिवार के बारे में क्या सोच है?
3. संयुक्त परिवार को कैसे परिभाषित किया जा सकता है?

(8) एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी वस्तु की खोज करता है किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया  वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत है। वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई वह पूर्वज की भांति सभ्य भले ही बन जाए संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरूत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया ।वह संस्कृत मानव था आज के युग का आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरूत्वाकर्षण से तो परिचित है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अधिक बातों का

ज्ञान प्राप्त है जिनसे शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते ।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. संस्कृत व्यक्ति किसे कहा गया है?
3. 'ज्ञान' शब्द का विशेषण लिखिए।

(9) जीवन और जगत को सुखी और शांत बनाने के लिए माधुर्य से अधिक लाभदायक वस्तु और क्या हो सकती है ।श्रोता और वक्ता दोनों को आनंद विभोर कर देने वाला यह मधुर भाषण समाज की पारस्परिक मान- मर्यादा, प्रेम- प्रतिष्ठा और श्रद्धा- विश्वास का आधार स्तंभ है इनके अभाव में समाज कलह, ईर्ष्या- द्वेष और वैमनस्य का घर बन जाता है ।मधुर बोलने वाले मनुष्य का समाज मैं आदर होता ह मधुरभाषी के मुख से निकला हुआ एक- एक शब्द सुनने वाले का जी लुभाता है। ऐसा लगता है मानो उसके मुंह से फूल झड़ रहे हों। मीठे वचन सुनने वाले को ही आनंद नहीं आता बल्कि वक्ता भी आत्मा का आनंद अनुभव करता है । वक्ता को एक विशेष लाभ यह है कि उसके मन की अंहकारी ,दंभपूर्ण और गौरवपूर्ण भावनाएँ अपने आप ही समाप्त हो जाती हैं। अहंकारी व्यक्ति मधुर भाषी हो सकता है। मधुर वाणी से मनुष्य में नम्रता, शिष्टता ,सहृदयता आदि गुणों का उदय होता है। जिनसे जीवन प्रकाशपूर्ण और शांत बन जाता है । क्रोध उसके पास नहीं आता । मधुर वाणी एक अनमोल वरदान है।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. मधुर बोलने से क्या लाभ है?
3. गद्यांश में प्रयुक्त कौन सा शब्द कठोरता का विलोम है ?

(10) स्वामी विवेकानंद जी का चिंतन भारतीय जीवन-तत्वों के सारभूत तत्वों को प्रस्तुत करने वाला है। उनकी प्रासंगिकता इस समय इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है कि वह हमारी आज की जिज्ञासाओं का समीचीन समाधान प्रस्तुत करते हैं ।उन्होंने शिकागो के सुप्रसिद्ध विश्व धर्म सम्मेलन में जो व्याख्यान दिए थे वह आज हमारे लिए एक ग्रंथ का काम

करता है। वे सांप्रदायिकता हठधर्मिता और वीभत्स धर्मांधता का विरोध करते हैं। उन्होंने एक ऐसे सुखद भविष्य के प्रति अपनी आशावादिता को प्रकट किया है जिसमें मनुष्य की पारस्परिक कटुताओं से मुक्त होकर यह संसार एक समुन्नत मानवीय चेतना से परिपूर्ण होगा। उनके विचारों की स्पष्टता और उनकी वाणी के ओज ने उन्हें संपूर्ण विश्व के युवाओं का चहेता बना दिया। हर युवा उन्हें पढ़ना उन्हें जानना चाहता है। उनका मानना था आलस्य की हमारे जीवन में कोई जगह ही नहीं होनी चाहिए ।अहंकार और ईर्ष्या को सदा के लिए नष्ट कर दो। काम,काम और सिर्फ काम ही एकमात्र मूलमंत्र होना चाहिए।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए।
2. विवेकानंद जी का विरोध किसके प्रति था ?
3. गद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'समीचीन' का समानार्थी लिखिए।

## अपठित काव्यांश -

1- "जो जल बाढ़ै नाव में, घर में बाढ़ै दाम,
दोनों हाथ उलीचिये, यहीं सयानों काम।

**प्रश्न -**

i नाव में पानी बढ़ने पर क्या करना चाहिए?
ii घर में संपत्ति बढ़ने पर क्या करना बुद्धिमानी है?
iii उपर्युक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

2- कल जो हमारी सभ्यता पर हँसे थे अज्ञान से,
आज लज्जित हो रहे हैं अधिक अनुसंधान से।
जो आज प्रेमी है हमारे भक्त कल होंगे वहीं,
जो आज व्यर्थ विरक्त है अनुरक्त कल होंगे वहीं।

**प्रश्न -**

i हमारी सभ्यता पर लोग क्यों हँस रहे थे?
ii अनुरक्त का विलोम लिखिए।
iii आज कौन लज्जित हो रहे है?

3- "हम अनिकेतन हम अनिकेतन

हमते रमते राम हमारा, क्या घर, क्या दर कैसा वेतन,
अब तक इतनी यों ही काटी, अब क्या सीखे नव परिपाटी,
कौन बनाए आज घरौंदा, हाथों चुन.चुन कंकड़ माटी,
ठाट फकीराना है अपनाए वाघांवर सोहे अपने तन"

**प्रश्न -**

i उक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

ii कवि अपने आपको अनिकेतन क्यों कहता है?

iii उक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

4- कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास,
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास।
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गस्त,
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही सिकस्त।

**प्रश्न -**

i कई दिनों से चक्की उदास क्यों थी।

ii उक्त पंक्तियाँ कौन सी प्राकृतिक आपदा की ओर इशारा करती हैं?

iii उक्त पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

5 - "माँ तुम्हारा ऋण बहुत है मैं अकिंचन,
किन्तु इतना कर रहा फिर भी निवेदन,
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण,
ज्ञान अर्पित प्राण अर्पित,
रक्त का कण.कण समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती तुझे कुछ और भी दूँ ।।"

**प्रश्न -**

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक क्या होगा?

ii कवि भारत माँ को क्या अर्पित करना चाहता है?

iii देश की धरती का हम पर क्या ऋण हैं?

6- "गगन-गगन तेरा यश फहरा
पवन.पवन तेरा बल गहरा
क्षिति.जल.नभ पर डाल हिंडोला
चरण.चरण संचरण सुनहरा
ओ ऋषियों के वेश
प्यारे भारत देश।"

**प्रश्न -**

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii आप अपने देश को प्यार क्यों करते है?
iii उक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

7- "जी पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको,
पर पीछे.पीछे अक्ल जगी मुझको,
जी लोगों ने तो बेंच दिये ईमान,
जी आप न हो सुनकर ज्यादा हैरान,
मैं सोच.समझकर आखिर,
अपने गीत बेंचता हूँ,
जी हॉ हुजूर में गीत बेंचता हूँ"

**प्रश्न -**

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii कवि को गीत बेचने में शर्म क्यों नहीं आती?
iii उपर्युक्त काव्यांश का सारांश लिखिए।

----------xxxxxxxxx----

# इकाई - 8

# पत्र - लेखन

1. जिला शिक्षा अधिकारी को उनके अधीन सहायक शिक्षक के रिक्त पद पर नियुक्त किए जाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।
2. अपने मित्र को हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई पत्र लिखिए।
3. स्थानीय समाचार पत्र के संपादक को रचना के प्रकाशन हेतु निवेदन का पत्र लिखिए।
4. अपने मित्र को वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर एक बधाई पत्र लिखिए।
5. अपने जिले के जिला अधिकारी को अपने क्षेत्र की सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए एक आवेदन पत्र लिखिए।
6. अपने मित्र को विद्यालय की वार्षिक पत्रिका में रचना के प्रकाशन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।
7. आपके क्षेत्र के पोस्ट मास्टर साहब को नियमित डाक वितरण न होने का शिकायती पत्र लिखिए।

8. छात्रावास से अपने पिताजी को पत्र लिखते हुए परीक्षा हेतु अपनी संतोषजनक तैयारी की जानकारी दीजिए।
9. नगर पालिका अध्यक्ष को जल की अनियमित आपूर्ति के संबंध में शिकायती पत्र लिखिए।
10. अपने नाना जी को गांव से वापस आने पर अपनी मधुर स्मृतियों का एक पत्र लिखिए।

--------xxxxxxxx----------

# इकाई - 9

# निबन्ध लेखन

**निम्नलिखित विषयों पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए-**

1. कोरोना से बचाव एवं सावधानियाँ
2. प्रदूषण- कितना घातक।
3. मनोरंजन के साधन
4. भ्रष्टाचार की समस्या
5. स्वावलंबन
6. युवा एवं स्वरोजगार
7. पर्वों का आनंद
8. स्वास्थ्य का महत्व
9. नारी शिक्षा का महत्व
10. साहित्य और समाज
11. मेरी यादगार रेल यात्रा
12. सह-शिक्षा

13.जीवन में संगीत का महत्व

14.पुस्तकालय का महत्व

15.मोहल्ले का बगीचा

16.संक्रामक रोगों से बचाव

17.बुजुर्गों की देखभाल

18.जल का अपव्यय

19.विवाह समारोह में बढ़ता दिखावा और फिजूलखर्ची

20.जीवन में बचत का महत्व।

--------xxxxxxxx----------